CMYK
Postal Regn No.Jaipur City/007/2018-20 || पश्चिमी राजस्थान की आवाज || मूल्य : दो रुपये

**चौखी बात**

जिन लोगों का चरित्र अच्छा है यानी जो लोग दूसरो के लिए कभी भी गलत नहीं सोचते हैं ऐसे लोगों पर भरोसा किया जा सकता है।

-चाणक्य

# दैनिक जलते दीप

संस्थापक स्व. माणक मेहता

**|| दसवां वेद ||**

रह-रह भूल न मिंत तूं,
पीट न अधिक कपाट।
को मेटणो समथ्य
तिण, जे विध लिख्या
ललाट।

(अर्थ व कथा पेज चार पर)

www.dainikjaltedeep.com वर्ष: 22 अंक: 3 जयपुर, बुधवार 29 जनवरी, 2020 कुल पृष्ठ: 8 Email : news@dainikjaltedeep.com

**कांग्रेस की युवा आक्रोश रैली : राहुल गांधी ने केंद्र –मोदी पर बोला हमला कहा, मोदी ने नहीं पढ़ी इकोनॉमिक्स, उन्हें समझ नहीं**

# पीएम रोजगार पर भी कुछ बोले : राहुल



**पीएम नरेन्द्र मोदी को चैलेंज करता हूं कि किसी भी यूनिवर्सिटी में जाकर युवाओं के सवालों का जवाब दें**

**गहलोत ने साधा केंद्र पर निशाना, कहा, देश की अर्थव्यवस्था गर्त में जा रही हैं, भाजपा के पास नीति, सिद्धांत और कार्यक्रम नहीं**

**पायलट ने कहा, लोगों में भय का माहौल पैदा किया जा रहा है समय दूर नहीं जब कांग्रेस का तिरंगा दिल्ली में लहराएगा**



- राहुल बोले, हिंदुस्तान की छवि दुनिया में रेप कैपिटल की बनी
- हिंदुस्तान की सरकार देश में हिंसा फैला रही है
- मोदी को जीएसटी की समझ नहीं, शायद मोदी ने अर्थशास्त्र नहीं पढ़ा
- राहुल गांधी ने रैली में सीएए, एनआरसी और एनपीआर का जिक्र नहीं किया। राहुल का सीएए से किनारा

■ जलतेदीप विसं, जयपुर

जयपुर में हुई युवा आक्रोश रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था, धार्मिक टकराव के माहौल को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। राहलु ने कहा कि देश की ग्रोथ रेट 9 प्रतिशत थी, अब नए तरीके से नापने पर भी 5 प्रतिशत है, पुराने तरीके से तो 2.5 प्रतिशत ही है। हमारी सरकार मनरेगा जैसी योजनाओं से गरीबों को पैसा देती थी, अर्थव्यवस्था तब चलती है जब गरीबों की जेब मे पैसा आता है, जब उसकी जेब मे पैसा आता है तो वो माल खरीदते हैं, उनके माल खरीदने से फैक्ट्रियों चालू होती है, लेकिन नरेंद्र मोदी जी ने शायद इकोनॉमिक्स पढ़ी नहीं है, मोदी जी ने गरीबों की जेब से पैसा निकाला, उद्योगपतियों की जेब मे डाला।

**सरकार देश मे हिंसा फैला रही है, ऐसे में निवेशक यहां आना नहीं चाह रहे हैं : राहुल**

राहुल गांधी ने कहा, सरकार को उद्योगपतियों के साथ गरीबों , युवाओं की मदद भी करनी चाहिए। मैं मानता हूं कि बैलेंस होना चाहिए, इन्होंने पूरा फायदा 15 उद्योगपतियों को दिया। भाईचारे वाली देश की छवि को नुकसान पहुंचाया। 5 सालों में युवाओं के लिए क्या किया? यह पूछने पर आप पर ही गोली चलाई जाती है। पीएम को चैलेंज करता हूं कि किसी भी यूनिवर्सिटी में जाकर युवाओं के सवालों का जवाब दें, मोदी युवाओं के मन और उनकी समस्याओं से जुड़े किसी सवाल का जवाब नहीं दे पाएंगे। नरेंद्र मोदी केवल झूठे वादे जरूर कर सकते हैं, कांग्रेस मानती है कि देश को केवल युवा और स्टूडेंट्स बदल सकते हैं, जानते हैं कि आज आपको रास्ता नहीं दिखाई दे रहा है। शेष। 2 पर

**भाजपा के पास न नीति और नहीं कार्यक्रम : गहलोत**



सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा देश की अर्थनीति गर्त में जा रही हैं। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। सीएए, एनआरसी खोखली बातें हैं, भाजपा के पास कार्यक्रम, सिद्धांत और सोच नहीं है।

राष्ट्रीय बेरोजगारी रजिस्टर (एनआरयू) की लॉन्चिंग : यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय बेरोजगारी रजिस्टर–एनआरयू की राहुल गांधी ने लॉन्चिंग की। यूथ कांग्रेस इसे अभियान के तौर पर लेगी। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा, हमें एनआरसी, सीएए की जगह एनआरयू चाहिए।

राहुल गांधी की युवा आक्रोश रैली में यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई बड़ी भूमिका में थे। राहुल के आज के भाषण को लेकर राजनीतिक हलकों में कई तरह की चर्चाएं हैं। राहुल गांधी ने आज सीएए, एनआरसी और एनपीआर को अपने भाषण में बिल्कुल भी महत्व नहीं दिया, जबकि कांग्रेस देश भर में इन तीनों मुद्दों के खिलाफ अभियान छेड़े हुए हैं। राजनीतिक प्रेक्षक इसे इश्यू शिफ्टिंग से जोड़कर देख रहे हैं।

## क्यू आर कोड से हुई युवाओं की हाजिरी

- एआईसीसी मुख्यालय में दर्ज हुआ रैली में आने वालों का आंकड़ा
- कई युवाओं ने लगाई क्यूआर कोड से हाजिरी
- एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने क्यूआर कोड स्कैन कर रैली में उपस्थिति दर्ज करवाई
- अब हर रैली में किया जाएगा यह प्रयोग
- हर रैली का डेटाबेस तैयार होगा

राहुल गांधी की युवा आक्रोश रैली में ओन वाले युवाओं की उपस्थिति दर्ज करने के लिए हाईटेक सिस्टम अपनाया गया। रैली में आने वाले युवाओं की क्यूआर कोड के जरिए हाजिरी करने का प्रयोग किया गया। रैली में क्यूआर कोड युक्त सनपैक्ट शीट पोस्टर से उपस्थिति दर्ज की गई। रैली में जगह जगह स्पेशल क्यूआर कोड युक्त सनपैक्ट शीट पोस्टर लगाए गए थे। क्यूआर कोड को स्कैन करने पर एक लिंक खुल रहा था, उसमें नाम,पत्ता, फोन नंबर जैसी जानकारियां मांगी गई, जिसे सबमिट किया गया। शेष। 2 पर

**एनसीसी का कार्यक्रम**

# पाकिस्तान को हराने में 10 दिन भी नहीं लगेंगे : मोदी



■ एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली में एनसीसी कैटेड्स को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में उनके साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। कैडेट्स को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी, देश की युवाशक्ति में संस्कार, दृढ़ निश्चय और देश के देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का बहुत सशक्त मंच है। ये भावनाएं देश के विकास के साथ सीधी-सीधी जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा पड़ो.सी देश हमसे तीन-तीन युद्ध हार चुका है। हमारी सेना को 10-12 दिन से अधिक नहीं लगेंगे उसे परास्त करने के लिए। उन्होंने कहा आज विश्व में हमारे देश की पहचान, युवा देश के रूप में है। देश के 65 प्रतिशत से ज्यादा लोग 35 वर्ष से कम उम्र के हैं। देश युवा है, इसका हमें गर्व है लेकिन देश की सोच युवा हो, यह हमारा दायित्व होना चाहिए।

**भाषण के मुख्य अंश**

- ऐसे लोगों के साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय को रोकने के लिए भारत के पुराने वादे को पूरा करने के लिए आज जब हमारी सरकार सीएए लेकर आयी है। कुछ राजनीतिक दल अपने वोटबैंक पर कब्जा करने की स्पर्धा में लगे हैं, आखिर किसके हितों के लिए काम कर रहें ये लोग।
- स्वतंत्रता के बाद से स्वतंत्र भारत ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान के हिंदुओं, सिखों और अन्य अल्पसंख्यकों से ये वादा किया था कि अगर उनको जरूरत होगी तो वो भारत आ सकते हैं। यही इच्छा गांधी जी की थी और यही 1950 में नेहरू-लियाकत समझौते की भी थी।
- दशकों पुरानी समस्याओं को सुलझा रही हमारी सरकार के फैसले पर जो लोग सांप्रदायिकता का रंग चढ़ा रहे हैं, उनका असली चेहरा भी देश देख चुका है और देख रहा है।

**कन्हैया से भी ज्यादा खतरनाक शब्दों का इस्तेमाल कर रहा शरजील : अमित शाह**

■ एजेंसी, रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शाहीन बाग में कथित विवादित टिप्पणी करने वाले जेएनयू छात्र शरजील के बहाने विपक्ष पर निशाना साधा है। अमित शाह ने रायपुर में कहा कि उसके शब्द कन्हैया कुमार से भी ज्यादा खतरनाक हैं। अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में मध्य क्षेत्रीय परिषद (सीजेडसी) की बैठक को संबोधित किया।

**नड्डा का सिसोदिया पर वार**

**अब हम पूछते हैं कि तुम्हारा शाहीन बाग से क्या रिश्ता है : नड्डा**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली के हरि नगर में कहा कि आठ फरवरी को, दिल्ली के लोगों को वोट देने जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरि नगर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार तेजिंदर पाल सिंह बग्गा को जिताकर विधानसभा भेजें और आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाएं।

## एक नजर

**डिस्कॉम ने एमनेस्टी योजना का बढ़ाया दायरा**

**जयपुर (कांस)।** बकाया बिजली बिल के चलते कनेक्शन कटने की पीड़ा झेल रहे उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। ऐसे सभी उपभोक्ता बगैर ब्याज और पेनल्टी जमा कराए सिर्फ मूल रकम देकर बिजली कनेक्शन शुरू करवा सकते हैं। इसके लिए जयपुर डिस्कॉम ने एमनेस्टी योजना का दायरा बढ़ाया है। दरअसल, अभी तक एमनेस्टी योजना में उन्हीं कटे हुए कनेक्शनों को शामिल किया गया था, जो 1 अप्रैल 2007 से पहले डिस्कनेक्शन हुए है। लेकिन अब डिस्कॉम प्रशासन ने घरेलू और अघरेलू श्रेणी के लिए यह बाध्यता भी समाप्त कर दी है।

**कोरोना से बचने को तारा मंत्र जपने की सलाह**

**धर्मशाला (एजेंसी)।** जानलेवा कोरोना वायरस से बचने के लिए बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा ने चीन के अनुयायियों और बौद्ध मठों को तारा मंत्र का जाप करने की सलाह दी है। दलाईलामा सोशल मीडिया के एक आडियो क्लिप में तारा मंत्र का जाप करते हुए सुनाई दे रहे हैं। दलाईलामा कह रहे हैं कि अगर चीन के लोग और बौद्ध मठ इस तारा मंत्र का जाप करेंगे तो कोरोना वायरस जैसी महामारी के प्रसार को रोकने में मदद मिलेगी। चीन से बौद्धों के एक समूह ने कोरोनो वायरस के प्रसार को रोकने के तरीकों पर दलाईलामा से सलाह मांगी थी।

**पंचायत चुनाव**

## तीसरे चरण में 60 लाख से ज्यादा मतदाता चुनेंगे गांव की सरकार

■ जलतेदीप संवाददाता, जयपुर

पंचायत चुनाव-2020 के तीसरे चरण का मतदान बुधवार को होगा। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डाले जा सकेंगे। इस चरण में 49 पंचायत समितियों की 1700 ग्राम पंचायतों और उनके 17,516 वार्डों में मतदान करवाया जाएगा। इसके लिए कुल 60,23,485 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें से 31,33,97 पुरुष, 28,90,362 महिलाएं और 26 अन्य मतदाता शामिल हैं। मतगणना बुधवार शाम को ही होगी। उप सरपंच के लिए चुनाव 30 जनवरी को करवाया जाएगा।

**सरपंच के लिए 10,865 और पंच के लिए 28,223 उम्मीदवार मैदान में**

राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि सरपंच पद के लिए कुल 10,865 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाएंगे। वहीं 28,223 उम्मीदवार पंच पद के लिए चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। मतदान के लिए दल मंगलवार को अपने-अपने गंतव्यों के लिए रवाना हो गए हैं। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध रहेंगे। इस चरण के बाद शेष बची पंचायतों के चुनाव चौथे चरण में कराए जाएंगे। उसका चुनाव कार्यक्रम बाद में जारी किया जाएगा।

**6 हजार 28 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए**

आयोग के सचिव श्यामसिंह राजपुरोहित ने बताया कि तीसरे चरण में 49 पंचायत समितियों की 1700 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों के लिए 17 हजार 620 उम्मीदवारों ने 17 हजार 713 नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद इनमें से 16 हजार 910 नामांकन वैद्य पाए गए। नाम वापसी की तिथि तक इनमें से 6 हजार 28 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। प्रदेश के 24 जिलों में 17 सरपंच निर्विरोध चुन लिए गए हैं। इस तरह तीसरे चरण में सरपंच पद के लिए कुल 10 हजार 865 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाएंगे।

**6 हजार 953 पंच निर्विरोध चुने गए**

**पंच पद के लिए प्रदेश के 24 जिलों के 1700 ग्राम पंचायतों के 17 हजार 516 वार्डों में 45 हजार 754 उम्मीदवारों ने 45 हजार 770 नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद 44 हजार 620 उम्मीदवारों के नामांकन वैद्य पाए गए। इन उम्मीदवारों में से 9 हजार 444 उम्मीदवारों ने नाम वापसी के दिन अपने नाम वापस ले लिए। तीसरे चरण में प्रदेश भर में 6 हजार 953 पंच निर्विरोध चुन लिए गए हैं। वर्तमान में 28 हजार 223 उम्मीदवार पंच पद के लिए मैदान में रहेंगे।**

## 2017 बैच के 35 आरएएस अफसर हुए नियमित, कार्मिक विभाग ने जारी किया आदेश

■ जलतेदीप संवाददाता, जयपुर

राजस्थान प्रशासनिक सेवा में 35 अधिकारियों का दो वर्ष का परीवीक्षाकाल पूरा होने पर राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग ने मंगलवार को नियमित करने के आदेश जारी किए हैं।

विभाग के अनुसार 6 सितंबर 2017 के आदेशानुसार दो वर्ष के लिए परीवीक्षाकाल पर नियुक्त इन राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को सेवा नियम, 1954 के नियम 36 के तहत सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला में परीवीक्षाकाल पूरा होने पर स्थाई किया गया है। राज्यपाल कलराज मिश्र के आदेश पर संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी की ओर से इस संबंध में आज्ञा पत्र जारी किया गया है।

## प्रदेश में कोरोना वायरस की समीक्षा, एयरपोर्ट पर अब होगा थर्मल स्कैनर का इस्तेमाल!

■ जलतेदीप संवाददाता, जयपुर

राजस्थान में चीन से लौटे 18 यात्रियों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की आशंका के बीच एक संदिग्ध के राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सरकार ने सभी संदिग्धों को निगरानी में रखने के आदेश के बाद मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव रोहित कुमार सिंह ने पूरे मामले की समीक्षा की। उन्होंने चीन से लौटे संदिग्ध यात्रियों के साथ एसएमएस अस्पताल में भर्ती व्यक्ति और कोरोना वायरस को लेकर चिकित्सा अधिकारियों से तमाम जानकारी ली।

**सभी संदिग्धों की 28 दिन तक निरंतर होगी स्क्रीनिंग**

**चिकित्सा विभाग के अनुसार चीन से लौटे यात्रियों की निर्धारित 28 दिनों तक निरन्तर स्क्रीनिंग होगी। साथ ही एसीएस के निर्देशानुसार कोरोना वायरस से बचाव, नियंत्रण, जांच एवं उपचार सहित आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने पर विचार किया जा रहा है।**

**एहतियात बरते : डब्ल्यूएचओ**

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी किए गए एहतियात को यूएन द्वारा ट्विटर पर शेयर किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने और एशिया के सभी लोगों से एहतियात बरतने को कहा है।

## शरजील इमाम को दिल्ली पुलिस ने बिहार से किया गिरफ्तार

■ एजेंसी, नई दिल्ली

शाहीन बाग विरोध प्रदर्शन के कथित सह समन्वयक और जेएनयू छात्र शरजील इमाम को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शरजील को बिहार के जहानाबाद से गिरफ्तार किया गया है।

इससे पहले पुलिस ने मंगलवार की सुबह शरजील की तलाश में उसके घर पर छापा मारा था। जहां से पुलिस ने शरजील के भाई मुजम्मिल इमाम को हिरासत में लिया था।

गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने मुंबई, पटना और दिल्ली में शरजील की तलाश में छापेमारी की थी। दिल्ली पुलिस को डर था कि अगर वह बिहार के रास्ते नेपाल भाग गया, तो वापस लाने में बहुत मुश्किल होगी।

**मुख्यमंत्री का संवेदनशील निर्णय**

## सिलिकोसिस पीड़ित परिवारों को मिलेंगे पालनहार योजना के लाभ

■ जलतेदीप संवाददाता, जयपुर

राज्य सरकार ने एक संवेदनशील निर्णय लेते हुए प्रदेश के सिलिकोसिस पीड़ितों की संतानों को पालनहार योजना के लाभ देने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस सन्दर्भ में वित्त विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। प्रदेश में सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित परिवारों के कल्याण के लिए राज्य सरकार ने बीते दिनों ही राजस्थान सिलिकोसिस नीति-2019 घोषित की थी।

प्रस्ताव के अनुसार, परिवार में माता अथवा पिता के सिलिकोसिस से पीड़ित होने की स्थिति में 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित पालनहार योजना के लाभ देय होंगे। इसके लिए पालनहार योजना की पात्रता सूची में सिलिकोसिस पीड़ित परिवार की श्रेणी जोड़ी जाएगी।

**करीब 15,828 बच्चे लाभान्वित होंगे**

गहलोत के इस निर्णय से प्रदेशभर में सिलिकोसिस पीड़ित परिवारों के करीब 15,828 बच्चे लाभान्वित हो सकेंगे और राज्य सरकार पर 193 करोड़ रूपए से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। पालनहार योजना में 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रति माह 500 रूपए तथा 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रति माह 1000 रूपए का अनुदान देने का प्रावधान है।

**निर्भया केस**

## दोषी अक्षय ने दायर की क्यूरेटिव याचिका, तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने दी जानकारी

■ एजेंसी, नई दिल्ली

निर्भया सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले के चारों दोषियों में से एक अक्षय ने मंगलवार को क्यूरेटिव याचिका दायर की है। यह जानकारी तिहाड़ जेल के अधिकारी ने दी।

इससे पहले एक अन्य दोषी मुकेश कुमार सिंह की दया याचिका खारिज करने के राष्ट्रपति के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई पूरी कर ली। कोर्ट इस याचिका पर बुधवार को अपना आदेश सुनाएगा। दिल्ली में 2012 में हुए इस जघन्य अपराध के लिये चार मुजरिमों को अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। इन दोषियों में से एक मुकेश की दया याचिका राष्ट्रपति ने 17 जनवरी को खारिज कर दी थी जिसके खिलाफ इस दोषी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर रखी है।

**फटकारो...**




**रिपोर्ट**

**सेंटर फोर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) के अनुसार**

## दिल्ली की आबोहवा में ओजोन से बढ़ा खतरा

■ एजेंसी, ब्यूरो

दिल्ली की हवा में ओजोन की बढ़ती मात्रा से प्रदूषण का खतरा बढ़ता जा रहा है। सेंटर फोर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) के अनुसार, दिल्ली के घनी आबादी वाले इलाके जैसे पटपड़गंज, आरके पुरम, नेहरूनगर, नजफगढ़ और सोनिया विहार के औद्योगिक व निम्न आय वाले लोगों की आबादी वाले इलाकों में प्रदूषण की स्थिति सबसे खतरनाक पाई गई।



ओजोन काफी हानिकारक है। खासतौर से सांस संबंधी रोगों, दमा और फेफड़ों की तकलीफों से पीड़ित मरीजों के लिए यह बहुत खतरनाक है।

सीएसई का यह अध्ययन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के द्वारा किये गए 31 निरीक्षण केंद्रों से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित है और सीएसई की रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी-मई के दौरान कम से कम 23 दिन ओजोन प्रमुख प्रदूषक पाया गया और ये खतरे के शुरुआती संकेत हैं।

इससे दिल की बीमारी का खतरा पैदा हो सकता है। हेल्थ इफेक्ट इंस्टीट्यूट के 2017 के एक अध्ययन में बताया गया कि भारत में ओजोन के कारण कम उम्र में होने वाली मौत के मामलों में 148 फीसदी का इजाफा हुआ है।

अध्ययन में बताया कि गया कि फरवरी से मई के दौरान दैनिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में ओजोन की मात्रा में बढ़ोतरी हुई जोकि सूक्ष्म कणों के साथ प्रमुख प्रदूषक रहा रहा है। काफी प्रतिक्रियाशील तत्व ओजोन नाइट्रोजन ऑक्साइड का ऊष्मा, सूर्य प्रकाश और अन्य वाष्पशील गैसों के साथ प्रतिक्रया से बनता है। यह ज्यादातर वाहनों से निकलने वाले धुएं व अन्य स्त्रोतों से उत्पन्न होता है।

## बुरे कर्मों से बचना जरूरी : आचार्य महाश्रमण

■ जलतेदीप संवाददाता, हुब्बल्ली

मर्यादा महोत्सव के अंतर्गत संस्कार स्कूल में विराजित शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमण जी ने धर्म सभा को उद्बोधित करते हुए कहा कि हमें आत्मवाद, कर्मवाद और पुनर्जन्म की बात को प्रत्यक्ष या परोक्ष ग्रंथों के आधार पर मानना चाहिए। परलोक सुधारने हेतु पापकारी प्रवृत्ति को त्यागे और शुभ प्रवृत्ति करें। ये दोनों बाते अगर मानव जीवन में लागू की जाए तो कोई घाटे का सोदा नहीं होगा। धन का महत्व बताते हुए पूज्यप्रवर ने आगे कहा की जीवन के लिए धन है धन के लिए जीवन नहीं। हमे धन के पीछे नहीं भागना चाहिए, हम खाली हाथ आये थे और खाली हाथ ही जायेंगे इसलिए हमे हमारे जीवन का सही उपयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर दक्षिण पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक अजयकुमार सिंह, सुजाता अजयकुमार सिंह, उद्यमी



विजय शेट्टर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथि अजय कुमार सिंह, राजपूत समाज के रिड़मल सिंह ने अपने विचार रखे। जैन विश्व भारती लाडनूं के प्रतिनिधियों द्वारा मुनिश्री धर्मरूचि द्वारा लिखित शासन गौरव मधुकर मुनि के जीवन वृत्त की पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर राजपूत समाज के अध्यक्ष पर्वत सिंह खींची के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों ने आचार्य प्रवर के दर्शन किए। कर्णाटक सरकार के पूर्व मंत्री विधायक आर. वी. देशपांडे ने भी संस्कार स्कूल में विराजित अहिंसा यात्रा प्रणेता आचार्यश्री महाश्रमण के दर्शन कर उनसे जैन धर्म पर चर्चा की।

# कुशल वाटिका में जयकारों के साथ हुआ ध्वजारोहण

बाड़मेर, 28 जनवरी (निसं)। राष्टीय राजमार्ग-68 बाडमेर अहमदाबाद रोड पर स्थित कुशल वाटिका प्रागण में भगवान मुनिसुव्रत स्वामी जिन मन्दिर, दादावाड़ी, नवग्रह मन्दिर, देवी-देव मन्दिर, एवं गुरू मन्दिर की सप्तम वर्षगाठ मनाई गई। अध्यक्ष भंवरलाल छाजेड व प्रचारमंत्री केवलचन्द छाजेड ने बताया कि परम पूज्य खरतगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिन मणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. की आज्ञा से परम पूज्या डॉ.विद्युत प्रभा श्री जी महाराजा साहिब की प्रेरणा से प्रवर्तिनी प्रमोद श्री जी म.सा.की स्मृति में बनी कुशल वाटिका के नौ मन्दिरो की सप्तम प्रर्वतनी महोदया साध्वी शशिप्रभा श्री जी म. सा. की सुशिष्या साध्वी सौम्यगुणा श्री जी म.सा. आदि ठाणा-3 की पावन निश्रा में प्रातः 8:00 बजे अठारह अभिषेक, प्रातः 9:00 बजे सतरह भेदी पूजा, दोपहर 12.39 बजे विजय मुहुर्त में शिखर पर लाभार्थी परिवारो द्वारा मन्त्रोचार के साथ ध्वजारोहण किया गया। मूलनायक भगवान मुनिसुव्रत स्वामी भगवान की मुख्य ध्वजा भंवरलाल विरधीचन्द छाजेड परिवार हरसाणी वालो की और से चढाई गई। कुशल वाटिका ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बाबूलाल टी बोथरा ने बताया कि कार्यक्रम के बाद कुशल वाटिका ट्रस्ट द्वारा नवकासी का आयोजन किया गया। जिन मन्दिरो को रंगीन रोशनी व फूलो द्वारा सजाया गयौ। वर्षगांठ कार्यक्रम में आस-पास के क्षेत्रो सहित भारतभर से हजारों गुरूभक्तो ने शिरकत की। सतरह भेदी महापूजन व अठारह अभिषेक के साथ कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। कुशन वाटिका ट्रस्ट के उपाध्यक्ष द्वारकादास डोसी ने बताया कि सोमवार को साध्वी सौम्यगुणा श्री के निश्रा में प्रातः 8 बजे सतरह भेदी महापूजन व अठारह अभिषेक का आयोजन हुआ। मंत्री रतनलाल संखलेचा ने बताया कि महोत्सव में ट्रस्ट मण्डल के अध्यक्ष भंवरलाल छाजेड के नेतृत्व में सोमवार को मंगलकारी भव्य ध्वजारोहण के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके लूणकरण बोथरा, द्वारकादास डोसी, सम्पतराज बोथरा, बाबूलाल टी बोथरा, शंकरलाल धारीवाल, केवलचन्द छाजेड़, शंकरलाल बोथरा, राणामल संखलेचा, भंवरलाल सेठिया, उदयराज गांधी, सज्जनराज मेहता, जगदीशचन्द भंसाली, चम्पालाल छाजेड़, कैलाश कोटड़िया, सम्पतराज मेहता, रमेश सर्राफ, कैलाश धारीवाल, मदनलाल मालू, बाबूलाल सेठिया, दलीचन्द चैरड़िया, धर्मचन्द चैरड़िया, ओमप्रकाश छाजेड़, अशोक छाजेड़, हिरालाल धारीवाल, सोहनलाल बोथरा, विजयकुमार रांका, भेरूलाल लूणिया, पीयूष डोसी, रतनलाल बोहरा, जगदीश बोथरा, मिश्रीमल भंसाली, लूणकरण गोलेच्छा, रमेश कानासर, मदनलाल छाजेड़, प्रवीण बोथरा, कपिल मालू ने शिरकत की।

## स्वागत व युवा मोटिवेशन समारोह आयोजित

बायतु, 28 जनवरी (निसं)। सेवनियाला निवासी धावक फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत कारगिल से कोहिमा तक 45 दिनों में 4500 किलोमीटर की यात्रा करने वाले जांबाज सिपाही गोरखाराम बेनिवाल का ग्राम पंचायत सेवनियाला मुख्यालय पर युवा मण्डल सेवनियाला की और से स्वागत कार्यक्रम व युवा मोटिवेशन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में सेवनियाला के नव निर्वाचित निर्विरोध सरपंच सताराम बेनिवाल का भी सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य मेहमान गोरखाराम बेनिवाल ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े, शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने को कहा। कार्यक्रम में पधारे आईपीएस एकेडमी हैदराबाद के इंस्पेक्टर जेठाराम चौधरी ने युवाओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही देश की धरोहर है उनको समय के साथ आगे बढ़ना चाहिए। सेवनियाला सरपंच ने धावक गोरखाराम को बधाई देते हुए हमेशा आगे बढ़ने की बात कही।कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास अधिकारी जुंझाराम जाखड़ ने युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा व खेल में आगे बढ़ने को कहा। इस दौरान सेवनियाला सरपंच सताराम बेनिवाल, राजूराम तरड़, हड़मान राम डूडी, ओमप्रकाश लोमरोड़, भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष गणेश, शर्मा, राकेश देपन, चौखाराम तंवर, मंगलाराम सैन, प्रकाश बेनिवाल, हरचंदराम तंवर,खेताराम तंवर आदि मौजूद थे।

## बिठुजाधाम में सम्मान समारोह आयोजित



बालोतरा, 28 जनवरी (निसं)। निकटवर्ती बिठुजा गांव स्थित बाबा रामदेवजी मन्दिर पर माघ शुक्ल बीज पर भव्य मेले का आयोजन हुआ। जिसमें नव-निर्वासित जनप्रतिनिधियों का मंदिर ट्रस्ट मंडल की ओर से सम्मान समारोह रखा गया। नव निर्वाचित कीटनोद सरपंच शौभा कंवर के सुपुत्र ठाकूर विरेन्द्र करणसिंह, आसोतरा सरपंच दामोदरसिंह, रामसीन सरपंच मालाराम बावरी, बिठुजा सरपंच किशन देवासी, कीटनोद उपसरपंच मदन पटेल, बिठुजा उपसरपंच भीमेश नामा, पुर्व सरपंच बिठुजा मंगलसिंह देवड़ा, ठाकूर हरनाथसिंह कीटनोद व बिठूजा के समस्त वार्डपंचो का साफा-माला व रामदेवजी की तस्वीर देकर सम्मानित किया गया। बिठुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष भेरुलालजी डागा को समाजसेवा व धार्मिक कार्यो के लिए गणतंत्र दिवस पर उपखंड स्तर पर उपखंड अधिकारी व विधायक मदन प्रजापत द्वारा प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष भेरुलाल डागा, मदरुपाराम पटेल, समाजसेवी मदन तातेड़, कान्तीलाल सालेचा, चम्पालाल गहलोत, राणाराम मेघवाल, डॉक्टर कपिल जैन, अशोक ढ़ेलडिया, गौतम सालेचा, मंगलसिंह देवड़ा, हडमान चौधरी, आम्बसिंह, कानसिंह भायल, राजू पालीवाल, दुदाराम माली, सुजाराम टाक, केवलराम पंवार, बांडाराम प्रजापत, शंकरलाल प्रजापत, किशन कोठारी, छगनाराम प्रजापत, फौजाराम पूजारी आदि मौजुद रहे।

## भामाशाह ने लगाए विद्यालय में 16 सीसीटीवी कैमरे

बायतु, 28 जनवरी (निसं)। पंचायत समिति गिड़ा की खारापार ग्राम के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल की तस्वीर अब भामाशाहों के सार्थक प्रयासों से बदलने लगी है तथा स्कूल में नवाचार होने के साथ ही विकास के क्षेत्र में हाईटेक हो रही है। भामाशाह अमराराम पुत्र सिरदाराम बलियारा के द्वारा स्कूल में 16 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ।स्कूल के कक्षा कक्षों व परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने से अब स्कूल की हर गतिविधियों पर तीसरी आंख की नजर रहेगी। जिससे विद्यार्थियों में स्वानुशासन की आदत का विकास होगा तथा स्कूल की सुरक्षा भी रहेगी ।इसी प्रकार कैमरे लगाने से अब छुट्टी के दिन परिसर में अन्य होने वाली हर गतिविधियों पर नजर रहेगी। भामाशाह द्वारा स्टेज पर टीन शेड का भी निर्माण करवाया गया। निजी स्कूलों की तर्ज पर अब इस स्कूल में विद्यार्थियों के लिए अनेक आवश्यक व्यवस्था व सुविधाएं की गई है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य रामलाल सारण, देवाराम बलियारा, वीरमाराम हुड्डा, जसराज सारण, चेनाराम बलियारा, पुरखाराम बलियारा, जोगाराम बलियारा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## इंदिरा ने मिलियन डॉलर राउंड टेबल ऑफ अमेरिका की पात्रता हासिल की

बालोतरा, 28 जनवरी (निसं)। बालोतरा नगर के माली समाज की महिला श्रीमती इंदिरा पत्नी ज्योतिष पंवार द्वारा अविश्वसनीय बेहतरीन एवं नायाब कार्य का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए अमेरिका यात्रा की पात्रता हासिल की है। महिला ने अप्रैल माह में भारतीय जीवन बीमा निगम बालोतरा से एजेंसी का कार्य शुरू किया था। 25 जनवरी 2020 से पूर्व श्रीमती इंदिरा द्वारा मिलियन डॉलर राउंड टेबल ऑफ अमेरिका की पात्रता हासिल किया। श्रीमती इंदिरा पंवार ने बताया की शाखा में जल्द ही क्लब गैलेक्सी की पात्रता हासिल करूंगी। अपने समाज में एक सर्वोच्च स्थान जिसकी हर महिला को तलाश होती है ऐसा स्थान मैं

# पारदर्शिता से चुनाव सम्पन्न करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं : सोनी

जालोर, 28 जनवरी (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सोनी ने कहा कि कार्मिक पारदर्शिता के साथ चुनाव सम्पन्न करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आपसी समन्वय के साथ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पूर्णत पालना सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सोनी ने मंगलवार को जालोर स्टेडियम में तृतीय चरण में आहोर व सायला पंचायत समिति में समाहित ग्राम पंचायतों में पंच व सरपंच चुनाव के मतदान के लिए आयोजित अंतिम प्रशिक्षण में पंचायतीराज संस्थाओ के आम चुनाव, 2020 में नियुक्त सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट, मतदान अधिकारियों एवं सहायक मतदान अधिकारियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंचायतीराज आम चुनाव में लगे मतदान दल के कार्मिक चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना करते हुए पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांन्तिपूर्ण तरीके से चुनाव कार्य को अंजाम देवें। उन्होंने मॉक पॉल, कानून एवं शांति व्यवस्था तथा चुनाव प्रक्रिया के संबंध में आत्मविश्वास के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र से 200 मीटर की परिधि में चुनाव प्रचार आदि गतिविधियां प्रतिबन्धित रहेगी वही आदर्श आचार संहिता की पालना भी सुनिश्चित की जावें। जिला पुलिस अधीक्षक हिम्मत अभिलाष टांक ने पुलिस व्यवस्था एवं बंदोबस्त के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि संबंधित परिक्षेत्र में पुलिस दल, कानून एवं शान्ति व्यवस्था के लिए नियमित भ्रमण करेगा। मतदान दल के कार्मिक समन्वय स्थापित कर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखें। उन्होंने दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता, सजगता, आत्मविश्वास एवं मुस्तैदी से चुनाव कार्य को सम्पन्न करवाने की बात कही।

मुख्य प्रशिक्षक मुकेश सोलंकी ने मतदान दलों की चुनाव पूर्व तैयारी एवं चुनाव पश्चात् विभिन्न प्रपत्रों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव के दौरान निर्धारित प्रपत्रों का सावधानीपूर्वक नियत समय पर पूर्ति कर मतदान कार्य को अंजाम देवें। उन्होंने मतदान अधिकारियों व सहायक मतदान अधिकारियों के मतदान से पूर्व की जाने वाली प्रक्रिया एवं मतदान के पश्चात् संधारित प्रपत्र एवं कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अंतिम प्रशिक्षण के पश्चात् जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं मतदान दल के कार्मिक आवश्यक सामग्री लेकर गंतव्य स्थान के लिए रवाना हुए।

इस अवसर पर पर्यवेक्षक अरूण पुरोहित, उप जिला निर्वाचन अधिकारी छगनलाल गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्रपाल सिंह, जालोर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी चम्पालाल जीनगर, आहोर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी प्रशान्त शर्मा, सायला उपखण्ड अधिकारी श्रीमती गोमती शर्मा सहित मतदान दल के कार्मिक उपस्थित रहे।




## पर्यवेक्षक पुरोहित जालोर पहुंचे

जालोर, 28 जनवरी (निसं)। जिले में पंचायतीराज आम चुनाव-2020 के तहत तृतीय चरण में आहोर व सायला पंचायत समिति में होने वाले पंच व सरपंच चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक अरूण पुरोहित सोमवार को जालोर पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सोनी ने बताया कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं राजस्थान आयुर्वेद विश्वविधालय के रजिस्ट्रार अरूण पुरोहित जिन्हे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है वे स्थानीय जालोर सर्किट हाऊस में ठहरे हुए है जिनसे उक्त क्षेत्रों में होने वाले चुनावों से संबंधित किसी भी प्रकार शिकायत व परिवेदना व्यक्तिशः अथवा इनके मोबाइल नं.

## सरपंच चौहान का भावभरा स्वागत

जसोल, 28 जनवरी (निसं)। माली समाज विकास संस्थान की ओर से जसोल ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच व ग्राम विकास अधिकारी का अभिनंदन समारोह का आयोजन माली समाज भवन में सोमवार रात्रि को किया गया। संस्थान की ओर से नवनिर्वाचित सरपंच ईश्वर सिंह चौहान, उपसरपंच राजेन्द्र कुमार, ग्राम विकास अधिकारी सुशील कुमार, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भगवत सिंह जसोल, केवलचंद सोलंकी, वार्ड पंच मूणा देवी गर्ग, भरत कुमार भील, याकूब खां, महेंद्र कुमार, सीमा देवी जैन, कलावती देवी दर्जी, अभिषेक कुमार, जसोदा देवी, सुशीला प्रजापत, भरत कुमार प्रजापत, सरस्वती देवी प्रजापत, राजेन्द्र कुमार मेघवाल, लीलादेवी सन्त व पंचायत समिति सदस्य गौतम गहलोत का स्वागत किया गया। व्यवस्थापक अशोक गहलोत ने बताया कि संस्थान की ओर से सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर भी बहुमान किया। इस दौरान संस्थान अध्यक्ष गणपत गहलोत, सचिव थानाराम माली, उपाध्यक्ष दौलाराम कच्छवाह, डूंगर गहलोत, कोषाध्यक्ष सुखदेव सोलंकी, संरक्षक जगदीश कुमार, भोमाराम, वीरेंद्र गहलोत, शंकरलाल कछवाह, मादाराम, जितेंद्र परमार, श्रवण कुमार, अशोक कुमार, महेंद्र कुमार, केवलचंद, राजाराम, सुरेश कुमार, मुकेश, महावीर सहित समाजबंधु मौजूद थे।

# मटकिया फोड़ किया प्रदर्शन

सिवाना, 28 जनवरी (निसं)। कस्बे में लम्बे समय से चल रही पेयजल समस्या को लेकर कस्बे के बसस्टैंड पर मगलवार दोपहर बारह बजे सिवाना कस्बे की आम बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पेयजल समस्या पर चर्चा करते हुए एक पखवाड़े बाद अनिश्चितकालीन सिवाना बन्द व धरना प्रदर्शन शुरू करने तथा आगामी पंचायत राज चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला लिया। इसको लेकर संघर्ष समिति का गठन किया गया है जिस के बैनर तले सिवाना कस्बे के सभी कस्बे वासियों द्वारा पानी नहीं तो वोट नहीं कि अभियान के तहत पोस्टकार्ड व सोशल मीडिया के अभियान चलाकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय जयपुर को भेजकर अवगत करवाया जा चुका है इस कड़ी में संघर्ष समिति द्वारा उपखंड स्तर पर हस्ताक्षर अभियान स्टिकर अभियान चलाया गया है।

पानी की भयंकर समस्या को देखते हुए 5 नई ट्यूबवेल खुदवाने के लिए 62लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। अगर भूगर्भ में पानी ही नहीं है सिवाना क्षेत्र में भूजल स्तर समाप्त हो चुका है ऐसी दशा में सरकारी उक्त राशि ट्यूबवेल खुदवाने में व्यय करना उचित नहीं रहेगा। पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए पोकरण फलसुंड बालोतरा सिवाना पेयजल परियोजना से अतिशीघ्र सिवाना को जोड़ने की मांग की। बैठक में बड़ी संख्या में कस्बे के सर्व समाज के लोगो ने भाग लिया। सरकार व विभाग इसको लेकर स्वेदनहीनता बरत रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी एक पखवाड़े में पेयजल समस्या के स्थाई समाधान नही करने पर अनिश्चित कालीन सिवाना बन्द व कार्मिक धरना प्रदर्शन शुरू करने व आगामी पंचायतराज चुनाव का बहिष्कार करने की बात कही। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी प्रमोद सीरवी को ज्ञापन दिया गया। इस मोके पर विधायक हमीरसिंह भायल, उपखंड अधिकारी प्रमोद सिरवी, तहसीलदार शंकरलाल गर्ग, नायब तहसीलदार बाबु सिंह राजपुरोहित, थानाधिकारी दाउद खां सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# स्टे के बावजूद भी ट्रांसफमर लगा, मिलीभगत का अंदेशा

बाड़मेर, 28 जनवरी (निसं)। स्थायी लोक अदालत बालोतरा के अध्यक्ष बीआर परमार द्वारा जोधपुर विधुत वितरण प्रणाली बाड़मेर के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि भगराज दर्जी निवासी दर्जियों का वास इंदिरा कॉलोनी के आवासीय भूखंड के पास लगाए जा रहे हेवी ट्रांसफमर को लगाने के सम्बन्ध में कोई कार्य नहीं करें।

आज सुबह भगराज दर्जी ने ट्रांसफार्मर लगाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को न्यायालय द्वारा जारी आदेश दिखाने पर अधिकारियों ने बताया कि हमारे को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है आप आफिस में जाकर वहां पर दें दो, ओर यह ट्रांसफार्मर यहां पर ही लगाया जाएगा। अधिकारी हम है या फिर आप।

प्रार्थी के परिवाद अनुसार प्लॉट के पास डिस्कॉम द्वारा लोहे के दो बड़े विद्युत पोल लगाए गए हैं एवं शीघ्र ही इस पर ट्रांसफर लगाने का कार्य शुरू करेंगे, जो 11000 केवी बिजली तारों के संबंधित है। यदि ट्रांसफर लग गया तो मेरे प्लॉट पर खिड़की दरवाजा नहीं खुल पाएगा भारी वोल्टेज से मकान बनाना भी संभव नहीं होता आगे वाले प्लॉट में बनने वाले मकानों को भी भारी दिक्कत होगी। क्योंकि यह गली केवल 20 फीट की है यह कार्य बड़े प्रभावी लोगों के दबाव में किया जा रहा है इतना ही नहीं गली के बीचो-बीच नगर परिषद ने बड़ा कचरा पात्र कर रखा दिया है, इससे भारी परेशानी आ रही है। मोहल्ले के अन्य निवासियों ने जब बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया था तब पहले तो हटाए जाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अब अधिकारियों ने कहा कि हमारे पर ऊपर दबाव है।

अधिकारियों ने बताया कि सिस्टम सुधार करने के लिए हमेशा ट्रांसफार्मर लगाते रहते हैं कहीं-कहीं पर विरोध होता रहता है लेकिन हमें तो ट्रांसफार्मर यहां पर लगाने के लिए पूर्व में सर्वे किया गया था। आपकों जो भी कार्यवाही करनी है आप करते रहे।

विद्युत विभाग के सहायक अभियंता राजेश मीणा ने बताया कि बिजली विभाग को न्यायालय द्वारा आदेश जारी किया गया है यह हमारी जानकारी में है, ठेकेदार को आदेश देने पर ही ट्रांसफर यही पर आज सुबह या कल शाम को लगाया गया है।

# समारोह में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं का सम्मान

पाली, 28 जनवरी (निसं)। श्रीमहर्षि दधीचि छात्रावास समिति कोटा के दो दिवसीय स्वर्ण जयंति समारोह महामंडलेश्वर स्वामी विद्यानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य और नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल व मुख्य सूचना आयुक्त आशुतोष शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।



समारोह में मिसाइल वूमेन समेत समाज की कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में समिति अध्यक्ष प्रदीप दाधीच ने वर्षभर किए जाने वाले कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। साथ ही 5 हजार वर्गफीट में नवनिर्मित दाधीच बेक्विंट हॉल समाज के भामाशाहों का आभार जताया। मुख्य अतिथि मंत्री धारीवाल ने कहा कि जब समाज अपने भवन खडाकर विभिन्न आयोजनों में लोगों को एकत्रित करते है तो इससे आपसी भाईचारा व एकता को बल मिलता है।

समाज में एकरूपता आती है। इसको पूरा करने में सरकार का सहयोग भी कहीं न कहीं पर आवश्यक है, जो हर समय पर सरकार को करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उनके पिछले कार्यकाल में उन्होंने 107 समाजों को भूखंड आवंटित किये थे। महामंडलेश्वर सरस्वती ने कहा कि छात्रावास को अति आधुनिक रूप देने में समाज ने एकजुटता से काम किया है। समाज के सहश्रम, सहनिवास व सहभोज के लिए तैयार है। इससे समाज में समरूपता बढेगी और यह तभी संभव है जब समाज मन और मत से एकरूप हो। मुख्य अतिथि मुख्य सूचना आयुक्त आशुतोष शर्मा ने भौतिकवाद से उपर उठकर कार्य करना चाहिए, मानव जीवन का उपयोग श्रेष्ठ कार्यों में करना चाहिए, न कि भौतिक वस्तुओं के संग्रहण में। कोटा समाज द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का आयोजन गौरव की बात है। रिजर्वबैंक के भूतपूर्व अधिकारी सीएल दाधीच ने समाज में बालिका की उच्च शिक्षा एवं बालकों द्वारा शिक्षा के प्रति अरूचि बढने पर चिंता व्यक्त की।

समारोह में वैज्ञानिक मिसाइल वूमेन डीआरडीओ दिल्ली अधिकारी अर्चना व्यास, इंडिया टीवी रिपोर्टर मनु शर्मा, दधिमति संपादक व वरिष्ठ पत्रकार उमेन्द्र दाधीच, पाली में वन्य जीव संरक्षण में कार्य करने के लिए महावीर दाधीच, महिला अधिकारिता में योगदान के लिए जयपुर की सरिता दाधीच, देहदान के लिए इन्दौर के नन्दकिशोर व्यास, नेत्रदान में उत्कृष्ठ कार्य के लिए संगीता दाधीच, अति वरिष्ठ नागरिक युगल में अर्थव शांति अनिरूद्ध-कपूरबाई दुगारी, समाजसेवा के लिए इंदौर के शंकरलाल शर्मा व संगीत क्षेत्र में पूना की गरिमा दायमा को सम्मानित किया गया।

समारोह में राष्ट्रीय कवि विश्वामित्र दाधीच के सानिध्य में आयोजित कवि सम्मेलन में ओज, प्रेम, हास्य, श्रृंगार रस, वीर रस व देशभक्ति के रंग देखने को मिले। मुम्बई से आए कवि सुनील व्यास, परमानन्द दाधीच, विश्वामित्र दाधीच, योगेन्द्र दाधीच ने विभिन्न कविताओं पर श्रोताओं को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। कवि सम्मेलन संचालन हास्य कवि बुद्धिप्रकाश दाधीच न किया।

समारोह के दूसरे दिन सवेरे मां दधिमति के अभिषेक के बाद दोपहर में आयोजित मंगलपाठ में असम के गायक रमेश दाधीच के मंत्रोच्चारण एवं भजनों की ऐसी सरिता बहाई, जिसमें दाधीच समाज के बंधु झूम उठे। साथ ही महाराष्ट के पूना की गरिमा दायमा के भजनों की स्वर लहरियों से माहौल भक्तिमय बन गया।

## सरपंच पदों हेतु लॉटरी 31 को होगी

भीनमाल, 28 जनवरी (निसं)। पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव के लिए पंचायत समिति भीनमाल की समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के लिए लॉटरी 31 जनवरी को होगी।

उक्त जानकारी देते हुए उपखंड अधिकारी अवधेश मीना ने बताया कि 31 जनवरी को स्थानीय पंचायत समिति हॉल में प्रातः 11-00 बजे लॉटरी निकाली जायेगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्यों के आरक्षण व्यवस्था की लॉटरी पूर्व में हो चुकी है।

## जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण संपन्न

जालोर, 28 जनवरी (निसं)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी छगनलाल गोयल ने कहा कि पंचायतीराज आम चुनाव में लगे सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट कानून एवं शांति व्यवस्था बनाते हुए समन्वय के साथ निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी छगनलाल गोयल ने पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2020 के तृतीय चरण के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के लिए आयोजित प्रशिक्षण में कहा कि आपसी समन्वय के साथ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पूर्णत पालना सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय पर आवश्यक सूचनाओं का संप्रेषण करें। जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने आवंटित क्षेत्र का भ्रमण कर सभी पहलुओं के बारे में बारीकी से जानकारी प्राप्त कर अपने कर्तव्य व दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। सायला उपखण्ड अधिकारी श्रीमती गोमती शर्मा ने कहा कि चुनाव आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए चुनाव कार्य को अंजाम देवें।

# सभी सूचनाएं राजस्थान सहकार एप पर ऑनलाइन भरनी होगी

जालोर, 28 जनवरी (निसं)। राज्य सरकार द्वारा सभी प्रकार की पंजीकृत समितियों, एनजीओ, क्लब, सामाजिक संस्थाएं, खेल संघ इत्यादि को अपनी समस्त सूचनाएं राज्य सहकार एप पर भरा जाना आवश्यक किया गया हैं। उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां एवं रजिस्ट्रार, संस्थाएं नारायण सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी प्रकार पंजीकृत समितियों, एनजीओ, क्लब, सामाजिक संस्थाएं, खेल संघ इत्यादि को अपनी समस्त सूचनाएं राज्य सहकार एप पर भरा जाना आवश्यक किया गया हैं। वर्तमान में इन समितियों के किसी भी प्रकार के आवेदनो को ऑफ लाइन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

उन्होंने बताया कि राज्य सहकार एप पर उक्त प्रक्रिया के लिए संबंधित सोसायटी या संस्थान को एसएसओ डॉट राजस्थान डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर अपने सचिव या अध्यक्ष की एसएसओ आईडी बनानी होगी इसके पश्चात् जी टू सी एप में जाकर राज सहकार एप में प्रवेश कर न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करना होगा तथा ओल्ड सोसायटी बर्न में समिति का बी.आर. नम्बर भरना होगा। इस दौरान यदि सोसायटी का नाम पूर्व में सिस्टम में मौजूद हे तो ''मैप योवर सोसायटी'' ऑप्शन का उपयोग करेरं। सचिव, महामंत्री, एमडी, जीएम, मैनेजर, व्यवस्थापक के आधार सत्यापन के पश्चात् सोसायटी लॉगिन एसएसओ आईडी से मैप हो जायेगी। रिक्त स्थानों में समिति का पंजीयन क्रमांक, दिनांक व अंतिम आम सभा की प्रविष्ट कर पूर्ति करते हुए प्रथम पृष्ट पर समिति का पंजीयन प्रमाण पत्र, उपनियम एवं सदस्यां की सूची एक्सल फोरमेट में अपलोड करनी होगी। एक्सल फोरमेट वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसमें सदस्यों के नाम, पिता का नाम, आधार नं, जन्म तिथि, सदस्यता क्रमांक, वर्ग, सदस्यों के पद, नाम, धारित शेयर, धारित शेयर राशि, ऋणी एवं अऋणी सदस्य होंगे जिसकी सूचना पहले से तैयार कर ली जावें। प्रथम पृष्ठ का डाटा संरक्षित करने के उपरान्त द्वितीय पृष्ठ खुलेगा जिस पर प्रशासक नियुक्त है तो उसकी डिटेल, बोर्ड नियक्त है तो बोर्ड के प्रत्येक मनोनीत सदस्यों की सूची अलग से उसी पृष्ठ पर आधार से वेरिफिकेशन करे और डाटा संरक्षित करे। तृतीय पृष्ट पर समिति के कार्यालय का पता एवं सीईओ का पता अंकित करे। ध्यान रहे कार्यालय का पता सही अंकित केक सदस्य का आधार से वेरिफिकेशन होने पर उसकी एन्ट्री होगी। सदस्यों का वर्ग ए, बी, सी नीचे अंकित दूसरे कॉलम में अंकित किए जावें। सभी डाटा पूर्णतया अपलोड करने के उपरान्त संरक्षित डाटा को संरक्षित करें। सबमिट करने के उपरांत संबंधित सोसायटी का डाटा उप रजिस्ट्रार के पास उपलब्ध डाटा से मिलान के लिए प्रेषित हो जायेगा जिससे मिलान कर उप रजिस्ट्रार एप्रूव करेंगे। एप्रूव डाटा उपरांत सोयायटी या संस्थान को अपनी वर्तमान आम सभा तारीख और ऑडिट रिपोर्ट एवं अन्य सूचनाएं अपलोड करनी होगी।

उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की समस्या होने पर हेल्प लाइन नं. .9001525777

# प्रथम पृष्ठ का शेष

## पीएम रोजगार पर भी....

राहुल गांधी ने युवाओं से कहा, आपमें वो शक्ति है जो इस देश को बदल सकती है,

आप अपनी शक्ति को पहचानिए, मेड इन इंडिया मेड इन चाइना का मुकाबला कर सकता है। आप अपनी आवाज को दबाने मत दो, आप हिंदुस्तान और अपने भविष्य पर सवाल उठाओ। जो भी इस देश को बांटने की कोशिश करता है, उसे बताया दीजिए कि यह सही नहीं है। भारत की भाईचारे, प्रेम की छवि फिर से बनानी पड़ेगी, महात्मा गांधी की विचारधारा ही हमारी पहचान होनी चाहिए, हर जेनरेशन की जिम्मेदारी होती है, अब आप पर जिम्मेदारी है, डरिये मत, दबीए मत, एक साथ मिलकर हम हिंदुस्तान को बदल डालेंगे। पिछले साल 1 करोड़ युवाओं ने रोजगार खोया है, मोदी ने 2 करोड़ रोजगार का वादा किया था, लेकिन वोइद पर खरा नहीं उतरे।

## क्यू आर कोड से हुई युवाओं ...

कई कार्यकर्ताओं ने क्यूआर कोड के जरिए रैली में उपस्थिति दर्ज करवाई।

क्यूआर कोड स्कैन करके विवरण भरने वालों का पूरा डेटा कांग्रेस की केंद्रीय आईटी सेल के पास चला गया। रैली में कितने लोग आए इसका आकलन भी होगा, हालांकि कुछेक कार्यकर्ताओं ने ही क्यूआर कोड स्कैन किया, इसे अनिवार्य नहीं बनाया था। कांग्रेस इस प्रयोग के जरिए रैलियों का डेटाबेस तैयार करने की कवायद में है। आने वाले दिनों में हर रैली में क्यूआर कोड से हाजिरी लगाने के सिस्टम को लागू करने पर विचार किया जा रहा है।

दैनिक
# जलते दीप
जयपुर, बुधवार 29 जनवरी 2020

## ताक पर योजना

कभी प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि किसी परियोजना के लिए दिल्ली से एक रुपया चलता है, तो अंतिम जगह पर उसके सिर्फ 15 पैसे ही पहुंचते हैं। उस दौर में इसकी काफी आलोचना भी हुई थी, बावजूद इसके कि ज्यादातर लोगों ने इसे सच माना था। आज भी यदा-कदा इसकी चर्चा होती है। लेकिन क्या हो, अगर पैसे दिल्ली से चलें ही न? जिस नौकरशाही की वजह से एक रुपया नीचे पहुंचते-पहुंचते 15 पैसे में बदल जाता है, उसी की वजह से कई बार वह रुपया दिल्ली से चलता ही नहीं है। कम से कम केंद्र सरकार की ग्रामीण हाट योजना का अंजाम तो यही बताता है। दो साल पहले केंद्रीय बजट में बड़े जोर-शोर से इस योजना का एलान किया गया था। इसके लिए दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया था। इस योजना के तहत पूरे देश में 2,200 आधुनिक ग्रामीण कृषि हाट बनाए जाने थे। इसका मकसद था, किसानों को बिचौलियों से बचाना। सोच यह थी कि इससे कृषि बाजार की पहुंच सीधे किसानों तक होगी और उन्हें अपनी फसलों के वाजिब दाम मिल सकेंगे। केंद्र सरकार पहले ही यह घोषणा कर चुकी थी कि वह पांच साल के भीतर किसानों की आमदनी को दोगुना कर देगी। उम्मीद थी कि ये हाट सरकार के उस सपने को पूरा करेंगे और देश के किसानों को समृद्ध बना देंगे। यह योजना उन कुछ समाधानों में से एक थी, जो देश के कृषि संकट को खत्म करने और किसानों को आर्थिक दबाव से बचाने के लिए अक्सर सुझाए जाते हैं। कहा जाता है कि किसानों की कई समस्याओं का समाधान तभी हो सकता है, जब उनके माल की बिकवाली के लिए पर्याप्त और ऐसा इन्फ्रास्ट्रक्चर बने, जो उनकी पहुंच के भीतर हो। लेकिन जो पैसे चले ही नहीं, वे अपनी मंजिल पर भला कैसे पहुंचते? दो साल बाद अब पता चला है कि दो हजार रुपये के उस कृषि कोष में से अभी तक सिर्फ 10 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। बनने तो 2,200 कृषि हाट थे, लेकिन काम सिर्फ 376 का शुरू हुआ। वह भी आधा-अधूरा पड़ा है और किसी अंजाम तक नहीं पहुंचा। इसमें से कोई भी हाट अभी काम नहीं कर रहा है। जाहिर है, अपनी उपज की बिकवाली के लिए किसान अभी भी बिचौलियों के भरोसे होंगे। पहले की तरह ही उन्हें अपनी फसल की वाजिब कीमत नहीं मिल रही होगी और किसानों की आमदनी बढ़ाने का लक्ष्य अभी भी इस योजना के जमीन पर उतरने की बाट जोह रहा होगा। जाहिर है कि इसका एक कारण यह गिनाया जा सकता है कि ये योजनाएं जमीन पर राज्य सरकारों के सहयोग से लागू होनी थीं और पर्याप्त सहयोग न मिलने की स्थिति में यह योजना जमीन पर नहीं उतर सकी। बहुत सी योजनाओं को लेकर केंद्र और राज्य का टकराव कोई नई बात नहीं है, इसका एक अर्थ यह भी है कि हमें अक्सर ऐसी योजनाएं मिलती हैं, जिनके मामले में उनके भागीदारों में सहमति नहीं होती। वैसे अभी ठीक से नहीं कहा जा सकता कि इस मामले में योजना के आगे न बढ़ने के ठीक-ठीक कारण क्या थे, लेकिन ऐसे मामलों में दो कारण अक्सर ही दिखाई देते हैं। एक तो नौकरशाही का ढीला रवैया और दूसरा, योजना का जमीनी हकीकत से मेल न खाना। मामला सिर्फ किसानों का नहीं है, किसी भी तरह से इन दोनों ही स्थितियों को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

## प्रदेश में कोरोना संदिग्ध

यह चिंताजनक है कि कोरोना वायरस का पहला संदिग्ध प्रदेश की राजधानी जयपुर में मिला है। चीन से एमबीबीएस का अध्ययन कर आये 18 यात्रियों में से 1 में कोरोना वायरस के लक्षण पाये गए। यह संदिग्ध 12 जनवरी को चीन से जयपुर आया था और 26 जनवरी को सर्दी, जुकाम, बुखार होने पर पहले सांगानेर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाने गया। यह बताने पर कि वह चीन से आया है तो चिकित्सकों ने उसे तत्काल सवाई मानसिंह अस्पताल में दिखाने का कहा। वहां दिखाया तो कोरोना के लक्षण दिखाई दिए। तब चिकित्सकों ने तत्काल उसे आईसोलेटान वार्ड में भर्ती कर लिया। अस्पताल के अधीक्षक डॉ डीएस मीना के अनुसार संदिग्ध मरीज के नमूने पुणे स्थित नेशनल इन्स्टीटयूट ऑफ वायरोलॉजी लैब भिजवाया गया है, जिसकी रिपोर्ट एक दो तीन में आ जाएगी। इसके साथ ही उसके परिवार को निगरानी में रखा है और उनसे मिलने वालों की भी स्क्रीनिंग की जा रही है। मामला सामने आने पर चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा ने पूरे मामले की जानकारी ली और प्रदेश में अलर्ट जारी करने के निर्देश दिए। चिकित्सा मंत्री ने केंद्र सरकार को अंतरराष्ट्रीय हवाई अडडों से आने वाले व्यक्तियों को संदिग्ध पाये जाने पर पूरी स्क्रीनिंग करवाने का आग्रह भी किया है ताकि कोरोना वायरस को फैलने से रोका जा सके। फिलहाल जयपुर एयरपोर्ट पर विशेष निगरानी की जा रही है, विशेषकर चीन से आने वाले यात्रियों की। चीन से आये सभी 18 यात्रियों पर अगले 28 दिन तक नजर रखी जाएगी। ये सभी यात्री चीन के वुहान शहर से कोरोना वायरस प्रभावित छेत्र से आए हैं। इन यात्रियों में 7 जयपुर से हैं। शेष में सीकर 5 बाड़मेर के 4 और हनुमानगढ के 2 लोग है। हालांकि 17 में फिलहाल इस वायरस के लक्षण नहीं मिले हैं, लेकिन काट्रेक्ट ट्रेसिंग के तहत ये किन-किन लोगों के संपर्क में आए, उनकी भी स्क्रीनिंग की जा रही है। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरसके संक्रमण के फलस्वरूप बुखार, जुकाम, सांस लेने में कठिनाई, नाक बहना और गले में खराश जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। इसलिए इसको लेकर बहुत सावधानी बरती जा रही है। यह जानकारी से मानव में आया वायरस है और सी कूड से इसके संक्रमण की खबर है। इस वायरस का कोई इलाज नही हैं, ऐसे में किसी व्यक्ति के इसके चपेट में आने पर उसे बचाने के लिए चिकित्सक कुछ ज्यादा नहीं कर सकते। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि कोरोना वायरस प्रदेश में अपना असर दिखाता है तो क्या हमारे पास ऐसी व्यवस्था है कि इस स्थिति में निपट लिया जाएगा? कारण चिकित्सा क्षेत्रमें आपदा प्रबंधन जैसी कोई चीज नजर नहीं आती। यदि इस बीमारी को अपने देश की सामान्य बीमारियों की तरह देखा तो यह लापरवाही होगी। बेहतर यही होगा

## ।। दसवां वेद ।।

-जुगल परिहार

**दूहो दसमों वेद समझै तेनै सालै**

## 8776. को मेटणो समथ्थ तिण

**रह-रह भूल न मिंत तूं, पीट न अधिक कपाट।**
**को मेटणो समथ्थ तिण, जे विध लिख्या ललाट।।**

हे मित्र। रूको-रूको, किंवाड़ों को अधिक मत खटखटाओं। क्या तुम नहीं जानते कि विधाता नें जो भाग्यलेख लिख दिया है, उसको मिटाने में समर्थ कोई नहीं है।

एक निर्जन वन में एक ब्राह्मण, ब्राह्मणी और उनका पुत्र रहते थे। वे अभाव में रहते हुए अपने दिन गुजार रहे थे। वे दुखी अवस्था में रहते हुए भगवान का भजन करते थे। एक बार उधर से पुरूषोत्तम ब्राह्मण को निकलते देखा तो ब्राह्मण ने उससे पूछा कि तुम कहां जा रहे हो? पुरूषोत्तम ने कहा कि मैं भगवान के पास जा रहा हूं। तब ब्राह्मण उससे कहने लगा कि हम सदा भगवद भजन करते हैं, तो भी हमारे पास एकही धोती है,अतः ठीक से उपासना नहीं कर सकते। तुम भगवान से प्रार्थना कर हमें और दो धोतियां दिलाओ। पुरूषोत्तम ने भगवान के पास जाकर कहा तो भगवान ने कहा कि उनके भाग्य में एक से अधिक लिखी ही नही है। पुरूषोत्तम ने आकर ब्राह्मण से कहा तो उन्हें बड़ा दुख हुआ। पुरूषोत्तम ने ब्राह्मण परिवार दयनीय अवस्था देखते हुए फिर एक बार जाकर भगवान से निवेदन किया तो भगवान ने कहा कि उनके एक वस्त्र ही घटित है, क्योंकि कुएं समुद्र में पानी अथाह होने के बावजूद भी घड़ा तो अपने प्रमाणेपित ही जल पाता है। फिर भी पुरूषोत्तम के बार बार प्रार्थना करने पर भगवान ने कहा कि मैं उन्हें तीन वर देता हूं,वे जो मांगेगे उन्हें मिल जाएगा। जब तीनों को तीन वर मिले तो ब्राह्मणी जो काली कलूटी लंबोदरी और बड़े बड़े होठ दांतों वाली थी और जिसके लटके हुए पयोधर कर्कश वाणी वाली कलिकाल की पटरानी की भांति अत्यंत कुरूप थी ने अपने एक वर से रूप सौभाग्य की प्राप्ति हो, ऐसी याचना की। वह तत्काल भगवत्कृपा से अत्यंत रूपवती अप्सरा को भी मात करने वाली सुंदर तरूणी हो गई। वह मृगाक्षी, दाड़िम के कुलियों से दांत और चंद्रमा जैसे मुखवाली दिव्य आभूषणों से विभूषित मधुर भाषिणी स्त्री हो गई। एक बार शिकार के लिए आये हुए राजपुत्र ने उसे देखा तो वह उस पर मुग्ध हो गया और उसे अपने साथ ले गया। उसे वियोग से पिता पुत्र दुखी हो गए। ब्राह्मणी को राजकुमार के साथ आनंद करते देखकर क्रुट्ट ब्राह्मण ने अपने को प्राप्त एक वर से उसको सूअरी बना दिया। वह मल मूत्र और कीचड़ से लिपटी हुई अत्यंत दुखी अवस्था में अपने पुत्र के पास आकर रोने लगी। अपनी मां को अत्यंत दुखी जान कर उसने लोकनिंदाभिभूत हृदय से अपने वर के द्वारा पूर्ववत काली कलूटी बना दिया। इस प्रकार तीन वर मिलने के बावजूद भी वे तीनों जैसे के वैसे ही रहे। भगवान के वर भी उन्हें कोई लाभदायी

# भरोसे से ही बनेगी बात

एक महीने से ज्यादा समय से देश में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन, धरने और पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें देखने को मिल रही हैं। अक्सर ये प्रदर्शन हिंसक हो गए, जिसके कारण जान-माल और संपत्ति का भारी नुकसान भी हुआ है। ये आंदोलनकारी किसी खास क्षेत्र या धर्म या जाति या उम्र वर्ग के नहीं हैं और न ही वे एक भाषा बोलते हैं। उनमें से अधिकांश सीएए का विरोध करने का दावा करते हैं और सीएए, एनपीआर और एनआरसी के वास्तविक कार्यान्वयन एवं अंतर्संबंध के बारे में चिंतित हैं। दिलचस्प बात यह है कि दिल्ली के शाहीन बाग और लखनऊ के घंटाघर में कई हफ्ते से भारी संख्या में महिलाएं भयंकर ठंड की उपेक्षा करते हुए धरने पर बैठी हैं।

जेएनयू और जामिया के परिसरों में अशांति ने विश्वविद्यालय प्रशासन के कुशासन, पुलिस की संदिग्ध भूमिका और उनके आकाओं के संदेहास्पद एजेंडे के चलते जनता की राय को तेजी से विभाजित कर दिया है। तथ्य यह है कि अन्य विश्वविद्यालयों के छात्र, जो जेएनयू के छात्रों के बयानों के राजनीतिक निहितार्थों के कारण वहां के छात्रों के साथ आंखें नहीं मिलाते, भी खुलेआम उनके समर्थन में आ गए हैं, जो छात्र समुदाय की एकजुटता के बारे में बताता है, जिससे कई मुद्दों पर मतभेदों के बावजूद बड़े पैमाने पर उनके लिए सहानुभूति का प्रसार हुआ है। ऐसे में, सत्ता में बैठे लोगों के लिए सलाह यही होगी कि वे चल रहे प्रदर्शनों को खारिज न करें, कहीं ऐसा न हो कि वे राष्टीय संकट में रूपांतरित हो जाएं। निश्चित रूप से इन प्रदर्शनों को समझदारी, सहयोग और सामंजस्य की भावना के साथ गैर-पारंपरिक ढंग से और बिना भेदभाव के देखा जाना चाहिए। जामिया और जेएनयू के हालिया घटनाक्रमों की निष्पक्ष और समग्र जांच के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में दिल्ली से बाहर के तीन सेवानिवृत्त कुलपतियों की एक कमेटी के गठन की घोषणा का क्या हुआ?

पूरा समाज इतना विभाजित, ध्रुवीकृत और अविश्वास से भरा हुआ लगता है कि कहीं होने वाली सामान्य बातचीत भी तुरंत उनके खिलाफ हम की कहानी में बदल जाती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और जेएनयू छात्रसंघ अध्यक्ष के समर्थक अपनी-अपनी बात को पूर्ण सत्य और दूसरे की बात को निराधार बताते हैं। अफसोस कि विश्वविद्यालय के अधिकारी और पुलिस इतने पक्षपाती हैं कि कोई उनकी बात मानने के लिए तैयार नहीं है।

**- सुरेंद्र कुमार**

हम इतने कुटिल क्यों हो गए हैं कि बेहद स्पष्ट बात पर सवाल उठाया जाता है? हिंसा हिंसा है, इसकी चौतरफा निंदा क्यों नहीं होनी चाहिए और अपराधियों को न्याय के समक्ष क्यों नहीं लाया जाना चाहिए, चाहे उनकी राजनीतिक संबद्धता जो भी हो? जामिया में बिना




अनुमति के पुलिस का प्रवेश और छात्रों के कमरे में आंसू गैस का इस्तेमाल अक्षम्य था। इसे माफ नहीं किया जा सकता। सत्ताधारी दल और उसके प्रतिद्वंद्वियों के बीच हिंसा की हर घटना को छद्म संघर्ष के रूप में क्यों देखा जाता है? सरकार को न केवल पवित्र होना चाहिए, बल्कि दिखना भी चाहिए। जब हम लोगों से पारदर्शी होने का आग्रह करते हैं, तब सत्ता प्रतिष्ठान को सबसे पहले उदाहरण स्थापित करना चाहिए। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और अन्य जगहों पर कई मामलों में पुलिस ने पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की है।

केवल राजनेता ही नहीं, बल्कि कई शिक्षाविद, विद्वान, लोकसेवक, सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि और मीडिया भी उन लोगों के पक्ष में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करते हैं, जिनका वे समर्थन करना चाहते हैं। हर तथ्य को अलग-अलग तरह से पेश किया जाता है। हम पोस्ट ट्रूथ के जमाने में रह रहे हैं। क्या सच परिवर्तनीय है? किसका सच? मेरा? आपका? हम चर्चा या बहस से क्यों भागते हैं? क्या हम दिल में असुरक्षित नहीं हैं? हम जो कुछ भी कर और कह रहे हैं, अगर वह सही है, तो हमारे पास अपने तर्कों के बल पर अपने आलोचकों को चुप कराने का साहस क्यों नहीं होना चाहिए?

लेफ्ट (वाम) इतना गंदा शब्द क्यों होना चाहिए? दुनिया भर में भारत अकेला ऐसा देश है, जहां आजादी के बाद से ही वामपंथी राजनीतिक पार्टियां लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेती रही हैं, और यहां तक कि इन्होंने चुनाव जीतकर सरकार भी बनाई है। जेएनयू या किसी अन्य विश्वविद्यालय में छात्रों को सिर्फ इसलिए क्यों खतरा बताना चाहिए कि वे वामपंथी विचारों से प्रभावित हैं? क्या यह असांविधानिक है? क्यों एक उत्कृष्ट विश्वविद्यालय को, जिसने एक नोबेल पुरस्कार विजेता, दो वित्त मंत्री, एक विदेश मंत्री और प्रो. राजमोहन जैसे कई प्रतिष्ठित शिक्षाविद दिए, सिर्फ इसलिए नुकसान पहुंचाना चाहिए कि वहां कुछ छात्रों ने संभवतः राष्टविरोधी नारे लगाए होंगे? ऐसा जिसने किया है, उनकी पहचान करें और देश के कानून के मुताबिक पारदर्शी तरीके से उन पर मुकदमा चलाएं और उन्हें उपलब्ध हर कानूनी सहायता का लाभ लेने दें, लेकिन पूरे विश्वविद्यालय को तो बर्बाद मत करें!

छात्र आंदोलन कोई नई बात नहीं है। 1967 में जब कांग्रेस उत्तर प्रदेश सहित 17 राज्यों में चुनाव हार गई थी, तब विश्वविद्यालय उबल रहे थे। अपने गृह नगर इलाहाबाद में, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को बोलने नहीं दिया गया था, उन्हें सुरक्षाकर्मियों द्वारा पिछले दरवाजे से बाहर ले जाया गया। फिर भी विश्वविद्यालय के छात्रसंघ की उच्च प्रतिष्ठा बनी रही और अटल बिहारी वाजपेयी, चंद्रशेखर, मीनू मसानी, राम मनोहर लोहिया जैसे राष्टीय नेताओं ने इसके कार्यक्रम में भाषण देने को अपना सम्मान समझा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने दो प्रधानमंत्री, कई केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उत्कृष्ट लोकसेवक राष्ट को दिए। क्यों? क्योंकि इसके शिक्षकों और छात्रों ने सभी मौजूदा और समकालीन मुद्दों पर गंभीर चर्चा और बहस में हिस्सा लिया। बौद्धिक बहस की लौ जलते रहने देना चाहिए। असहमतिपूर्ण आवाजों को दबाना नहीं

## जल तरंग

### चुनावी मोहब्बत का मौसम

*देश की राजधानी में आजकल सरकार की स्वादिष्ट एवं उपजाऊ फसल रोपने का मौसम चल रहा है, तभी तो नकली मोहब्बत की असली झप्पियां डाली जा रही हैं। इनके, उनके और न जाने किन-किन के द्वारा उम्र में मुझ से बड़ा होने के बावजूद मुझ जैसों को बड़े भैया बोला जा रहा है। सम्बन्धों की राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक व मानवीय मुरम्मत ज़ोर शोर से चल रही है। कई बरस पहले हमने उनकी एक हरकत पर टिप्पणी कर दी थी तो पत्नी ने खबरदार किया था कि कहीं यह 'सज्जन' चुने गए तो आपकी क्या, हमारी भी खैर नहीं रहेगी। लेकिन वह कई पार्टियां बदलने के बावजूद हमेशा हारते रहे और हम भी स्वस्थ बने रहे। व्यवस्था ने अच्छी तरह से सबक याद करवा दिया है कि किसी भी स्तर के राजनीतिज्ञ से नाराज़गी रखने का वक्त अब कतई नहीं रहा।*

*संबंधों की पुनः मुरम्मत का मौसम आने से लगा कि राजनीति एक अच्छी अध्यापक भी है जो हमें बार-बार पढ़ाती है कि राजनीति और ज़िंदगी में कोई पक्का दोस्त या स्थायी दुश्मन नहीं होता। अवसर मिलने पर खराब सम्बन्धों पर सीमेंट ज़रूर लगा लेना चाहिए। अंजान लोगों से भी थोड़े संबंध उगा लेने चाहिए। योजनाएं बनाने व सपने सच करने के लिए चींटी की तरह प्रयास करते रहना चाहिए। मेहनत के बाद जीत होती है। चुनावी मुरम्मत के मौसम में नेता पुश्तैनी दुश्मनों की तरह व्यवहार और बातचीत के घटिया स्तर के बावजूद लोकतंत्र अधिक मजबूत करते हैं और देश को अधिक गौरव व अधिक शक्ति प्रदान करते हैं। चुनाव की इस होली में सब गले मिल लेते हैं, क्या पता गले मिलना कुछ लाभ दिला दे या गले न मिलना, गले न पड़ जाए। याद रखना ज़रूरी है नेता यदि लगा रहे तो सांसद न सही, विधायक न सही, एक दिन पार्षद तो बन ही जाता है और काफी कुछ करवा सकता है। खराब सम्बन्धों की मुरम्मत करने में वह काफी अनुभवी होता है। आजकल राजनीतिक मुरम्मत के हर सधे हुए कारीगर का बाज़ार गर्म होने के कारण घमंड का सिर लटका हुआ है। सफलता मिलते ही, 'घमंड का सिर ऊंचा' हो लेता है। राजनीति ने मानवीय जीवन को लचीला मुहावरा बना कर रख दिया है, जिसके असली अर्थ बुरी तरह से टूटफूट चुके हैं और निरंतर मुरम्मत मांग रहे हैं। चुनाव के बाद नई सरकार के निर्माण हो जाने के बाद घमंड का सिर ऊंचा वाला मुहावरा बाज़ार की शान हो जाएगा।*



# वसंत पंचमी

**यह** त्योहार एक भारतीय त्योहार है । इस त्योहार के दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है । यह पूजा भारत के पुर्व राज्यों में बडी धूमधाम के साथ मनायी जाती है । इस दिन घर की औरतें पीले वस्त्र धारण करती हैं । प्राचीन भारत में पूरे साल को जिन छह मौसमों में बाँटा जाता था उनमें वसंत लोगों का सबसे मनचाहा मौसम था । जब फुलों पर बहार आ जाती, खेतों मे सरसों का सोना चमकने लगता, जौ और गेहूँ की बालियाँ खिलने लगतीं, आमों के पेड़ों पर बौर आ जाता और हर तरफ रंग-बिरंगी तितलियाँ मँडराने लगतीं । वसंत ऋतु का स्वागत करने के लिए माघ महीने के पाँचवे दिन एक बड़ा जश्न मनाया जाता था जिसमें विष्णु और कामदेव की पूजा होती, यह वसंत पंचमी का त्यौहार कहलाता था । शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी से उल्लेखित किया गया है, तो पुराणों-शास्त्रों तथा अनेक काव्यग्रंथों में भी अलग-अलग ढंग से इसका चित्रण मिलता है ।

**बसन्त पंचमी कथा**

**सृष्टि** के प्रारंभिक काल में भगवान विष्णु की आज्ञा से ब्रह्मा ने जीवों, खासतौर पर मनुष्य योनि की रचना की । अपनी सर्जना से वे संतुष्ट नहीं थे । उन्हें लगता था कि कुछ कमी रह गई है जिसके कारण चारों और मौन छाया रहता है । विष्णु से अनुमति लेकर ब्रह्मा ने अपने कमण्डल से जल छिड़का, पृथ्वी पर जलकण बिखरते ही उसमें कंपन होने लगा । इसके बाद वृक्षों के बीच से एक अद्भुत शक्ति का प्राकट्य हुआ । यह प्राकट्य एक चतुर्भुजी सुंदर स्त्री का था जिसके एक हाथ में वीणा तथा दूसरा हाथ वर मुद्रा में था । अन्य दोनों हाथों में पुस्तक एवं माला थी । ब्रह्मा ने देवी से वीणा बजाने का अनुरोध किया । जैसे ही देवी ने वीणा का मधुरनाद किया, संसार के समस्त जीव-जन्तुओं को वाणी प्राप्त हो गई । जलधारा में कोलाहल व्याप्त हो गया । पवन चलने से सरसराहट होने लगी । तब ब्रह्मा ने उस देवी को वाणी की देवी सरस्वती कहा । सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है । ये विद्या और बुद्धि प्रदाता हैं। संगीत की उत्पत्ति करने के कारण ये संगीत की देवी भी हैं ।

बसन्त पंचमी के दिन को इनके जन्मोत्सव के रूप में भी मनाते हैं । ऋग्वेद में भगवती सरस्वती का वर्णन करते हुए कहा गया है- प्रणो देवी सरस्वती वाजेभिर्वजिनीवती धीनामणित्रयवतु । अर्थात ये परम चेतना हैं । सरस्वती के रूप में ये हमारी बुद्धि, प्रज्ञा तथा मनोवृत्तियों की संरक्षिका हैं । हममें जो आचार और मेधा है उसका आधार भगवती सरस्वती ही हैं । इनकी समृद्धि और स्वरूप का वैभव अद्भुत है । पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण ने सरस्वती से खुश होकर उन्हें वरदान दिया था कि वसंत पंचमी के दिन तुम्हारी भी आराधना की जाएगी और यूँ भारत के कई हिस्सों में वसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती की भी पूजा होने लगी जो कि आज तक जारी है । पतंगबाजी का वसंत से कोई सीधा संबंध नहीं है । लेकिन पतंग उड़ाने का रिवाज हज़ारों साल पहले चीन में शुरू हुआ और फिर कोरिया और जापान के रास्ते होता हुआ भारत पहुँचा ।

**पर्व का महत्व**

वसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण-कण खिल उठता है । मानव तो क्या पशु-पक्षी तक उल्लास से भर जाते हैं । हर दिन नयी उमंग से सूर्योदय होता है और नयी चेतना प्रदान कर अगले दिन फिर आने का आश्वासन देकर चला जाता है । यों तो माघ का यह पूरा मास ही उत्साह देने वाला है, पर वसंत पंचमी (माघ शुक्ल 5) का पर्व भारतीय जनजीवन को अनेक तरह से प्रभावित करता है । प्राचीनकाल से इसे ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती का जन्मदिवस माना जाता है । जो शिक्षाविद भारत और भारतीयता से प्रेम करते हैं, वे इस दिन मां शारदे की पूजा कर उनसे और अधिक ज्ञानवान होने की प्रार्थना करते हैं । कलाकारों का तो कहना ही क्या? जो महत्व सैनिकों के लिए अपने शस्त्रों और विजयादशमी का है, जो विद्वानों के लिए अपनी पुस्तकों और व्यास पूर्णिमा का है, जो व्यापारियों के लिए अपने तराजू, बाट, बहीखातों और दीपावली का है, वही महत्व कलाकारों के लिए वसंत पंचमी का है । चाहे वे कवि हों या लेखक, गायक हों या वादक, नाटककार हों या नृत्यकार, सब दिन का प्रारम्भ अपने उपकरणों की पूजा और मां सरस्वती की वंदना से करते हैं ।

**पौराणिक महत्व**

इसके साथ ही यह पर्व हमें अतीत की अनेक प्रेरक घटनाओं की भी याद दिलाता है । सर्वप्रथम तो यह हमें त्रेता युग से जोड़ती है । रावण द्वारा सीता के हरण के बाद श्रीराम उसकी खोज में दक्षिण की ओर बढ़े। इसमें जिन स्थानों पर वे गये, उनमें दंडकारण्य भी था । यहीं शबरी नामक भीलनी रहती थी । जब राम उसकी कुटिया में पधारे, तो वह सुध-बुध खो बैठी और चख-चखकर मीठे बेर राम जी को खिलाने लगी । प्रेम में पगे झूठे बेरों वाली इस घटना को रामकथा के सभी गायकों ने अपने-अपने ढंग से प्रस्तुत किया । दंडकारण्य का वह क्षेत्र इन दिनों गुजरात और मध्य प्रदेश में फैला है । गुजरात के डांग जिले में वह स्थान है जहां शबरी मां का आश्रम था । वसंत पंचमी के दिन ही रामचंद्र जी वहां आये थे । उस क्षेत्र के वनवासी आज भी एक शिला को पूजते हैं, जिसके बारे में उनकी श्रध्दा है कि श्रीराम आकर यहीं बैठे थे । वहां शबरी माता का मंदिर भी है ।

**ऐतिहासिक महत्व**

वसंत पंचमी का दिन हमें पृथ्वीराज चौहान की भी याद दिलाता है । उन्होंने विदेशी हमलावर मोहम्मद गौरी को 16 बार पराजित किया और उदारता दिखाते हुए हर बार जीवित छोड़ दिया, पर जब सत्रहवीं बार वे पराजित हुए, तो मोहम्मद गौरी ने उन्हें नहीं छोड़ा। वह उन्हें अपने साथ अफगानिस्तान ले गया और उनकी आंखें फोड़ दीं। इसके बाद की घटना तो जगप्रसिध्द ही है । गौरी ने मृत्युदंड देने से पूर्व उनके शब्दभेदी बाण का कमाल देखना चाहा । पृथ्वीराज के साथी कवि चंदबरदाई के परामर्श पर गौरी ने ऊंचे स्थान पर बैठकर तवे पर चोट मारकर संकेत किया । तभी चंदबरदाई ने पृथ्वीराज को संदेश दिया । चार बांस चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमाणता ऊपर सुल्तान है, मत चूको चौहान ॥ पृथ्वीराज चौहान ने इस बार भूल नहीं की । उन्होंने तवे पर हुई चोट और चंद्रबरदाई के संकेत से अनुमान लगाकर जो बाण मारा, वह गौरी के सीने में जा धंसा। इसके बाद चंदबरदाई और पृथ्वीराज ने भी एक दूसरे के पेट में छुरा भौंककर आत्मबलिदान दे दिया। (1192 ई) यह घटना भी वसंत पंचमी वाले दिन ही हुई थी ।

वसंत पंचमी का लाहौर निवासी वीर हकीकत से भी गहरा संबंध है । एक दिन जब मुल्ला जी किसी काम से विद्यालय छोड़कर चले गये, तो सब बच्चे खेलने लगे, पर वह पढ़ता रहा । जब अन्य बच्चों ने उसे छेड़ा, तो दुर्गा मां की सौगंध दी । मुस्लिम बालकों ने दुर्गा मां की हंसी उड़ाई । हकीकत ने कहा कि यदि में तुम्हारी बीबी फातिमा के बारे में कुछ कहूं, तो तुम्हें कैसा लगेगा? बस फिर क्या था, मुल्ला जी के आते ही उन शरारती छात्रों ने शिकायत कर दी कि इसने बीबी फातिमा को गाली दी है । फिर तो बात बढ़ते हुए काजी तक जा पहुंची। मुस्लिम शासन में वही निर्णय हुआ, जिसकी अपेक्षा थी । आदेश हो गया कि या तो हकीकत मुसलमान बन जाये, अन्यथा उसे मृत्युदंड दिया जायेगा । हकीकत ने यह स्वीकार नहीं किया। परिणामतः उसे तलवार के घाट उतारने का फरमान जारी हो गया । कहते हैं उसके भोले मुख को देखकर जल्लाद के हाथ से तलवार गिर गयी । हकीकत ने तलवार उसके हाथ में दी और कहा कि जब मैं बच्चा होकर अपने धर्म का पालन कर रहा हूं, तो तुम बड़े होकर अपने धर्म से क्यों विमुख हो रहे हो? इस पर जल्लाद ने दिल मजबूत कर तलवार चला दी, पर उस वीर का शीश धरती पर नहीं गिरा । वह आकाशमार्ग से सीधा स्वर्ग चला गया । यह घटना वसंत पंचमी (23.2.1734) को ही हुई थी।


पाकिस्तान यद्यपि मुस्लिम देश है, पर हकीकत के आकाशगामी शीश की याद में वहां वसंत पंचमी पर पतंगें उड़ाई जाती है । हकीकत लाहौर का निवासी था । अत:पतंगबाजी का सर्वाधिक जोर लाहौर में रहता है । वसंत पंचमी हमें गुरू रामसिंह कूका की भी याद दिलाती है । उनका जन्म 1816 ई. में वसंत पंचमी पर लुधियाना के भैणी ग्राम में हुआ था । कुछ समय वे रणजीत सिंह की सेना में रहे, फिर घर आकर खेतीबाड़ी में लग गये, पर आध्यात्मिक प्रवष्ति होने के कारण इनके प्रवचन सुनने लोग आने लगे । धीरे-धीरे इनके शिश्यों का एक अलग पंथ ही बन गया, जो कूका पंथ कहलाया। गुरू रामसिंह गोरक्षा, स्वदेशी, नारी उध्दार, अंतरजातीय विवाह, सामूहिक विवाह आदि पर बहुत जोर देते थे। उन्होंने भी सर्वप्रथम अंग्रेजी शासन का बहिश्कार कर अपनी स्वतंत्र डाक और प्रशासन व्यवस्था चलायी थी । प्रतिवर्ष मकर संक्रांति पर भैणी गांव में मेला लगता था । 1872 में मेले में आते समय उनके एक शिष्य को मुसलमानों ने घेर लिया । उन्होंने उसे पीटा और गोवध कर उसके मुंह में गोमांस ठूंस दिया। यह सुनकर गुरू रामसिंह के शिष्य भड़क गये । उन्होंने उस गांव पर हमला बोल दिया, पर दूसरी ओर से अंग्रेज सेना आ गयी । अतः युध्द का पासा पलट गया । इस संघर्ष में अनेक कूका वीर शहीद हुए और 68 पकड़ लिये गये । इनमें से 50 को सत्रह जनवरी 1872 को मलेरकोटला में तोप के सामने खड़ाकर उड़ा दिया गया । शेष 18 को अगले दिन फांसी दी गयी । दो दिन बाद गुरू रामसिंह को भी पकड़कर बर्मा की मांडले जेल में भेज दिया गया। 14 साल तक वहां कठोर अत्याचार सहकर 1885 ई. में उन्होंने अपना शरीर त्याग दिया ।

# रोमांचक जंगलों का सफर

जनवरी: फरवरी का सुखद मौसम! कहीं घूमने जाना चाहते थे। क्यों न इस बार जंगलों में घूमा जाए! दक्षिण अफ्रीका के जंगल, केनिया की सफ़ारी दुनिया के हर कोने से पर्यटकों को आकर्षित करती रही है। चलिए! चलते हैं इस बार उसी सफ़र पर..

## और सैर दक्षिण अफ्रीका की

दक्षिण अफ्रीका में देखने लायक बहुत जगहें हैं। हमने अपने समय और बाकी सुविधाओं के अनुसार केपटाउन, जोहानेसबर्ग और क्रूगर नेशनल पार्क देखने का फ़ैसला किया। केपटाऊन दक्षिण अफ्रीका के एक कोने में है इसलिए वहीं से शुरुआत करने की सोची। कुवैत से काफ़ी लम्बा, सत्रहङ्कअठारह घंटे का सफ़र करने के बाद केपटाऊन पहुँचे लेकिन थके हुए। वहाँ दिन के करीब दो बजे थे, थोड़ा आराम करने के बाद %वॉटर फ्रंट% पर गए। ऐसी जगह जहाँ केपटाऊन का हर इन्सान, चाहे वहाँ का वासी हो या फिर यात्रीङ्कसैलानी हो, अपनी शाम रंगीन बनाने में हमेशा सफल होता है। समुद्र के किनारे होटल, रेस्तरां की भरमार, कहीं कोई अफ्रीकी नृत्य करने में लगा है, शॉपिंग मॉल में जाओ तो अलग ही नज़ारा, खूब चहलपहल, दो घंटे कैसे बीते पता ही नहीं चला। दूसरे दिन सुबह से हमारा असली सफ़र शुरू होनेवाला था। सुबह आठ बजे केपटाउन के शहर का जायज़ा लेने निकले तो इस शहर की गहराई का पता चला। यह शहर एक तरफ़ पर्वतों से घिरा है तो दूसरी तरफ़ समुंदर से घिरा है। डच लोगों की संस्कृति अभी भी यहाँ नज़र आती हैं। उनके पूर्वज या राजा महाराजाओं के मनपसंद गहरे रंगों का सौंदर्य अभी भी इन्हें प्रिय हैं और इनको दुनिया से अलग विशेष पहचान देता है। यहाँ ऐसे अलगङ्कअलग इलाके पहाड़ियों में बसे हुए मिलते हैं जहाँ डच संस्कृति के लोगों और मुस्लिम बस्ती की पहचान उनके घर या उनके लिए बनाई गई मस्जिद से होती है। ऊँचेङ्कनीचे, चढ़ाईङ्कढलान भरे रास्तों से गुज़रते अब हमें जाना था टेबल माऊंटेन। नाम से थोड़ा अंदाज़ा हो ही जाता है कि माउंटेन टेबल जैसा होगा। सपाट सतह का यह पहाड़ दूर से ही नज़रों में समा जाता है। ऊँचाई चढ़ने का रोमांच चढ़कर जाने में है लेकिन समय की कमी के कारण रोप वे का ही सहारा लेना ठीक लगा। इस रोप वे की एक खासियत है, यह उपर चढ़तेङ्कचढ़ते सब ओर आपको घुमाता हुआ ले जाता है



ताकि चारों ओर का दृश्य आप एक जगह खड़े हो कर भी देख सकें। (अच्छा नज़ारा देखने की ख्वाहिश पूरी करने के लिए खिड़की पकड़ने की ज़रूरत नहीं) पर किस्मत का साथ रहना ज़रूरी है। बादल यहाँ आकर खूब बरसते हैं, साथ में बहती है तेज़ हवा। हवा की दिशा और बहाव के साथ भागते हुए ये बादल कब आपका यहाँ आना रोक दें, कहा नहीं जा सकता। पर बादल हम पर मेहरबान नज़र आते दिखाई दिये। सुबह दस बजे पहुँचने पर पता चला कि माउंटेन पर जाने का रास्ता खुला है। रोप वे से इसकी सपाट सतह पर पहुँचे, नीला समंदर, शहर का नज़ारा और हरी हरी पहाड़ियाँ, आँखों में क्या समाया जाए, समझमें नहीं आया। इस पर्वत के बारे में कहा जाता है कि इसकी ऊपर की सतह लाइम स्टोन यानी चूने की बनी थी। बारिश और हवा इस माऊंटेन की चोटी को इस कदर बहा ले गई कि सतह सपाट हो गई। हम दो घण्टे घूमकर नीचे आए। हर दिन, दोपहर में बारह बजे यहाँ की एक पहाड़ी पर रखी पुरानी तोप से हवा में गोला दागा जाता है। कहते हैं, इसकी आवाज़ पूरे केपटाउन शहर में सुनाई देती है। हमने भी सुनी। पुराने ज़माने में जब कोई खाने पीने या जीवनावश्यक वस्तुओं से भरा मालवाही जहाज़ केपटाउन शहर में प्रवेश करता था, आम जनता को सूचना देने के लिए इस तोप का इस्तेमाल किया जाता था। अब उन्हीं दिनों की याद में दिन में बारह बजे का समय नियत कर के तोप की आवाज़ की जाती है ताकि लोग पुराने दिनों को सदा याद रखें। दोपहर के दो बजे थे, समय हो रहा था रॉबिन आयलैंड पर जाने का। चालीस मिनट का खुली बोट का यह सफ़र बड़ा रोमांचकारी है। दूर पहाड़ों पर उतरे बादल, समुंदर में तेज़ रफ़्तार से चलती मोटर नौका के चलते उड़ते फव्वारों से हम भीगते जा रहे थे। सुनसान और बाकी दुनिया से जैसे इसका कोई नाता ही ना हो ऐसे रॉबिन आयलैंड पर स्थित जेल में नेलसन मंडेला को रखा गया था। यहाँ उन्होंने अपने जीवन के करीब अठारह साल बिताए थे। जेल को आज तक मैंने कभी देखा नहीं था। आज यह मौका आया था। हर जगह गाइड ज़रूर होता है, यहाँ भी था। रॉबर्ट नामक इस गाइड ने जब



बोलना शुरू किया तो हमारे साथ का हर सदस्य हक्काङ्कबक्का रह गया। रॉबर्ट वह आदमी था जिसने नेलसन मंडेला के साथ वहाँ बीस साल उसी जेल में, उनके बगल के कमरे में गुज़ारे थे। अपने देश की स्वतंत्रता की खातिर जेल में इतने साल बिताए हुए रॉबर्ट हम सब पर्यटकों के दिलों में जैसे बस गया। अठारहङ्कउन्नीस साल की उम्र में उसे जेल हुई, वहाँ रहते इन कैदियों ने, जो पढ़ना चाहते थे, आगे पढ़ाई की और जेल की कार्यपद्धति में सुधार किया। आज जेल से तो छूटे हैं, आज़ाद ज़िन्दगी जी रहे हैं लेकिन हालत गंभीर बनी हुई है। इतने सालों में परिस्थितियाँ बहुत बदल गईं, उनकी पढ़ाई के अनुसार आज वे कहीं भी काम हासिल करने में नाकामयाब हैं। रॉबर्ट के शब्दों में, आज भी यह जेल ही हमारा सर्वस्व है, यहाँ रहना हमारी मज़बूरी है। देखते ही खस्ताहाल दिखता रॉबर्ट सभी के मन पर अमिट छाप छोड़ गया है। भूले नहीं भूलती मैं उस रॉबर्ट को! इस बात का अहसास भी होता है कि नेल्सन मंडेला जैसे लोग तो दुनिया की नज़र में रहते हैं लेकिन स्वतंत्रता संग्राम में बराबर का हिस्सा लेने वाले ऐसे कितने चेहरे हैं जो गुमनाम और मुसीबत भरी ज़िंदगी जीने पर मजबूर हैं। एक मज़ेदार बात नज़र आई। जेल के हर कमरे के उस समय के कैदी की आवाज़ वहाँ टेप कर के रखी हुई है। आप बटन दबा कर उसे सुन सकते हैं। हम ऐसे ही जेल के एक कमरे (सेल) में पहुँचे तो वहाँ श्री बिली नायर की फोटो लगी थी। मूल भारतीय होने के साथ उन्होंने भी वहाँ अपनी ज़िन्दगी के बीस साल बिताए थे।

रॉबर्ट और बिली नायर के बारे में सोचते रॉबिन आयलैंड से लौटे। अनायास दिल में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन कैदियों ने आवाज़ दी जिन्हें अंडमान की जेलों में रखा गया था। क्या वीर सावरकर का कमरा भी ऐसा ही होगा जहाँ उन्हें कैद किया गया था? उस स्थल को देखने की इच्छा मन में उमड़ने लगी है। केपटाउन में तीसरा दिन हरे भरे वृहदाकार पहाड़ों में और नीले सागर के किनारे सफ़र का था। गाड़ी चलती ही जा रही है, पहाड़ और सागर भी हमसफ़र बने चल रहे थे हमारे साथङ्कसाथ। कभी कभी इतनी ऊँचाई पर पहुँच जाते कि गहराई को देखने रुक जाते। दृश्य ऐसे मनभावन कि आँखें थकती नहीं थीं देखङ्कदेख कर। इस लम्बे सफ़र का अन्त हुआ अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिण छोर पर। यहाँ हिन्द महासागर और अटलांटिक महासागर मिलते हैं। इस जगह को %केप ऑफ गुड होप% कहा जाता है। यहाँ से चले प्यारे पेंग्विन पक्षियों से मिलने %पेंग्विन आयलैंड% की ओर। ओ हो! कैसा झुंड हैं इनका यहाँ। कहते हैं कि शुरू में एक पेंग्विन की जोड़ी तैरती हुई यहाँ आ पहुँची। यहाँ रहने लगे तो अपने बर्फवाले देश में लौटना शायद भूल गए। यहीं के मौसम को अपना लिया, यहीं की आदतङ्कसी डाल ली। करते करते अब यहाँ बड़ी संख्या में ये पक्षी मौजूद हैं। मूल पेंग्विन से यहाँ के पक्षी ज़रा छोटे दिखते हैं लेकिन पेंग्विन तो पेंग्विन हैं, रौबदार, डौलदार चाल है उनकी, मस्ती से कभी पानी में तो कभी रेत में आवाजाही शुरू रहती है। नज़र हटाने

## यह भी जाने



## ताजमहल का इतिहास

**आगरा** का ताजमहल भारत की शान और प्रेम का प्रतीक चिह्न माना जाता है। उत्तरप्रदेश का तीसरा बड़ा जिला आगरा ऐतिहासिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। मुगलों का सबसे पसंदीदा शहर होने के कारण ही उन्होंने ?दिल्ली से पहले आगरा को अपनी राजधानी बनाया। इतिहास के अनुसार इब्राहिम लोदी ने इस शहर को सन् 1504 में बसाया था। जिस समय इस शहर की स्थापना की गई, उस समय किसी ने यह कल्पना नहीं की होगी कि यह शहर पूरे विश्व में अपनी खूबसूरती के लिए परचम लहराएगा। जिसे आज भी दुनिया के सात अजूबों में शुमार किया जाता है। इतिहास ॰ स्थापत्य कला की जीती-जागती तस्वीर आगरा शहर दिल्ली से करीब 200 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जिसे बनाने के लिए बगदाद से एक कारीगर बुलवाया गया जो पत्थर पर घुमावदार अक्षरों को तराश सकता था। इसी तरह बुखारा शहर, जो मध्य एशिया में स्थित हैं, वहां से जिस कारीगर को बुलवाया गया वह संगमरमर के पत्थर पर फूलों को तराशने में दक्ष था। विराट कद के गुंबदों का निर्माण करने के लिए तुर्की के इस्तम्बुल में रहने वाले दक्ष कारीगर बुलाया गया तथा मिनारों का निर्माण करने के लिए समरकंद से दक्ष कारीगर को बुलवाया गया। इस प्रकार ताजमहल के निर्माण से पूर्व छ॰ महीनों में कुशल कारीगरों को तराश कर उनमें से 37 दक्ष कारीगर इकट्ठे किए गए, जिनके देखरेख में बीस हजार मजदूरों के साथ कार्य किया गया। इसी प्रकार ताज निर्माण में लगाई गई सामग्री संगमरमर पत्थर राजस्थान के मकराणा से, अन्य कई प्रकार के कीमती पत्थर एवं रत्न बगदाद, अफगानिस्तान, तिब्बत, इजिप्त, रूस, ईरान आदि कई देशों से इकट्?ठा कर उन्हें भारी कीमतों पर खरीद कर ताजमहल का निर्माण करवाया गया। ई. 1630 में शुरू हुआ इसका निर्माण कार्य करीब 22 वर्षों में पूर्ण हुआ, जिसमें लगभग बीस हजार मजदूरों का योगदान माना जाता है। इसका मुख्य गुंबद 60 फीट ऊंचा और 80 फीट चौड़ा है।

## सैलानियों की सैरगाह मनाली


प्रकृति ने मनाली का श्रृंगार खुले हाथों से किया है। साल भर बर्फ से लदे रहने वाले गगन चूमते पर्वत, प्राकृतिक सौंदर्य के मालिक मनाली के पर्यटन स्थल और देव-संस्कृति आदि यहां आने वाले पर्यटकों के दिलों में गहराई तक उतर जाते हैं। पर्यटन नगरी मनाली देशी-विदेशी सैलानियों की पसंदीदा सैरगाह बनने लगी है। देश के किसी भी कोने से हवाई सेवा द्वारा मनाली के भुंतर हवाई अड्डे तक पहुंचा जा सकता है। अधिकतर पर्यटक रेल द्वारा कालका व पठानकोट पहुंचते हैं, वहां से टैक्सी या बस से मनाली पहुंचते हैं। मनाली घूमने आने वाले सैलानियों को कम से कम तीन से चार दिन का कार्यक्रम बनाकर आना चाहिए। सैलानी का पहला दिन समुद्र तल से 13050 फीट ऊंचे रोहतांग दर्रे पर कटता है, जहां सैलानी पल-पल रंग बदलते मौसम का कायल हो जाता है। बर्फ से लदा रोहतांग साल भर सैलानियों को बर्फ की चांदी से रूबरू कराता है। इसी दिन सैलानी राहलाफाल में झरने का आनंद भी लेते हैं। मढ़ी में पसंदीदा व्यंजनों का आनंद लेने के बाद मनाली का रुख करते हैं। दूसरे दिन सैलानी एडवेंचर स्पो?र्ट्स के लिए सोलंगनाला का रुख करते हैं। यहां फातरू पर्यटन स्थल गर्मी में भी सर्दी का अहसास कराता है। सैलानी रोपवे के जरिए फातरू तक पहुंच जाता है। सोलंग में अंजनी महादेव धार्मिक पर्यटन स्थल है। यहां अक्टूबर से अप्रैल तक प्राकृतिक रूप से बहने वाले झरने से शिवलिंग बनता है, जो फरवरी में 25 फीट ऊंचाई का आकार ले लेता है। तीसरे दिन सैलानी मनाली से मनीकरण का रुख करते हैं। यहां ऐतिहासिक गुरुद्वारा और गर्म पानी के चश्मे सभी का मन मोह लेते हैं। मनीकरण के रास्ते में कसोल, भुंतर, कुल्लू, वैष्णों देवी मंदिर, अंगोरा फार्म, फिश फार्म से भी सैलानी रूबरू होते हैं। मनाली में आराध्य देवी माता हडिंबा, सृष्टि के रचयिता मनु महाराज का ऐतिहासिक मंदिर, गुरु वशिष्ठ का मंदिर, क्लब हाउस, गोंपा मंदिर, वन-विहार सहित अनेक पर्यटक स्थल मन मोह लेते हैं। यहां जून महीने में सैलानियों की सबसे अधिक भीड़ रहती है। मनाली-कुल्लू में एक हजार के लगभग होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे व कॉटेज हैं। सोलंग स्थित हिमालयन रोपवे और मनाली के बाहंग में स्थित हिम वैली फन पार्क सैलानियों के आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। सैलानी रोपवे के सुहाने सफर का आनंद लेते हुए 10 हजार फीट की ऊंचाई वाले पर्यटन स्थल फातरू की बर्फीली वादियों का आनंद उठा सकते हैं। बाहंग के हिम वैली फन पार्क में भी सैलानी दस्तक देकर सुकून के दो पल बिताते हुए मनाली की यात्रा को यादगार बना सकते हैं। इस वर्ष मनाली के पर्यटन स्थलों पर भारी बर्फबारी हुई है। रोहतांग में 15 फीट के करीब बर्फ जमा हो गई थी, जबकि बर्फ से लदे पर्यटन स्थल सोलंग नाला, गुलाबा, राहलाफाल और मढ़ी भी सैलानियों का भरपूर मनोरंजन करने को तैयार हैं।

## चकित कर देने वाला सौन्दर्य... लेह-लद्दाख

जम्मू-कश्मीर के लद्दाख जिले में आने वाली जगह लेह...! 3 किलोमीटर प्रति व्यक्ति के हिसाब से जनसंख्या घनत्व वाला लेह...! 25,321 स्क्वेयर किमी क्षेत्रफल वाला लेह...! समुद्री सतह से 11,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।



**भारत** एक ऐसा देश है, जहां विभिन्न क्षेत्र, विभिन्न आबोहवा अपने में समेटे हुए रहते हैं। गुजरात का कच्छ व राजस्थान रेत में भी चटख रंगों की सुन्दरता समेटे है, तो केरल हरियाली और झरने। सिक्किम, उत्तराखंड बर्फ के साथ खूबसूरत फूलों से आपका स्वागत करता है, तो गोवा समुद्री लहरों व उन्हीं के समान थिरकते जिस्मों से। कोई क्षेत्र भारतमाता को बर्फ का ताज पहनाता है, सागर से उसके चरण पखारता है यानी हर क्षेत्र का अपना-अपना अलग रंग, अपनी सुंदरता। अनेकता में एकता को चरितार्थ करते अपनी मातृभूमि पर गर्व का अनुभव करते देश के विभिन्न राज्यों को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। लेकिन पहली बार मालूम हुआ कि सिर्फ समुद्र तट को छोड़ दें तो बर्फीली घाटियों से ढंके पहाड़, हरियाली चुनर जैसे सिर से खींच ली हो, ऐसे भूरे, बंजर, पत्थरों से पटी विशाल पर्वत श्रृंखलाएं, हजारों फीट की ऊंचाई वाले पर्वतों के बीच बेहद खूबसूरत घाटियां, कल-कल बहते ठंडे पहाड़ी झरने, कांच की तरह साफ व मटमैली भी, दोनों तरह की नदियां, किसी रेगिस्तान की तरह बिछी रेत, पठार और उस पठार में खूबसूरत झील। कुदरत की खूबसूरत कारीगरी... ये सारी चकित कर देने वाली सुंदरता एक जगह थी। जी हां...! अद्भुत... अविस्मरणीय... अप्रतिम... सौंदर्य से भरपूर... इतनी सारी विविधता अपने विशाल आंचल में समेटे ये क्षेत्र था लेह। जम्मू-कश्मीर के लद्दाख जिले में आने वाली जगह लेह...! 3 किलोमीटर प्रति व्यक्ति के हिसाब से जनसंख्या घनत्व वाला लेह...! 25,321 स्क्वेयर किमी क्षेत्रफल वाला लेह...! समुद्री सतह से 11,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। वैसे तो लेह-लद्दाख देशी कम, विदेशी सैलानियों की सूची की पसंदीदा जगहों में सबसे ऊपर है, लेकिन भला हो बॉलीवुड का, जिसने कुछ फिल्मों की शूटिंग यहां करके इसे और लोकप्रिय बना दिया। जब लेह-लद्दाख का प्रोग्राम बना तो दिल्ली से लेह की फ्लाइट थी। (हालांकि बाद में लगा कि मनाली या श्रीनगर आकर वहां से सड़क मार्ग से आना ज्यादा आनंददायक रहता)। खैर... जानकारों के अनुसार यहां जुलाई में आना चाहिए, क्योंकि तब तक काफी बर्फ पिघल जाती है और बर्फ के अलावा वो सारा सौंदर्य आप देख सकते हैं, जो मैंने ऊपर वर्णित किया है। लेख-लद्दाख अभी तक तस्वीरों या फिल्मों में यानी सिर्फ कैमरे की आंख से ही देखा था, लेकिन लैंडिंग से पहले जब खिड़की से बाहर देखा तो अद्भुत नजारा था। अपनी आंखों पर यकीन नहीं हो रहा था कि इतनी खूबसूरती इसी धरती पर है। ये चित्रकार, कलाकार सिर्फ कुदरत ही हो सकती है। अपने विभिन्न रूपों से रूबरू कराते हुए लेह ने अपना दूसरा व हवाई जहाज से देखे गए रूप से अलग ही रूप दिखाया। चारों ओर रेतीला भूरा पठार व वैसे ही भूरे पहाड़ नजर आए, लेकिन हवा में अच्छी-खासी ठंडक घुली हुई थी। मौसम विभाग की भारी वर्षा की भविष्यवाणी को धता बताता आसमान साफ, नीला था व सूर्यदेव अपनी तीखी रश्मियों के साथ हमारा स्वागत कर रहे थे। बेहद मामूली (इतना मामूली कि आप निराश होने लगे) दिखने वाले रास्ते से हम होटल %डक% पहुंचे, जो अगले 8 दिनों के लिए हमारा अस्थायी निवास था। सुरक्षा नियमों के तहत होटल पहुंचते ही सब अपने कमरों में आराम करने चले गए। निर्देश है कि वहां ऑक्सीजन लेवल काफी कम रहता है, सो हमारे शरीर को वहां के वातावरण में एड्जस्ट करने हेतु 24 से 36 घंटे देना होते हैं अन्यथा आप सिरदर्द, चक्कर, उल्टी व सांस की तकलीफ से आपका पूरा टूर चौपट कर सकते हैं। एक पूरा दिन आराम व दूसरा पूरा दिन लोकल घूमना सबसे अच्छा तरीका है और हमने भी वही किया। दूसरे दिन सुबह 5 बजे अपनी आदतानुसार नींद खुल गई। खिड़की से पर्दा हटाया, तो आंखें चौंधिया गईं। सूर्य की पहली किरण भूरे पहाड़ों के शिखर पर जमी बर्फ पर पड़ रही थी। ऐसा लग रहा था मानो किसी सुनहरी काया पर मलमल का आंचल भर डाल दिया हो। 15 मिनट तक हाथ में कलम, डायरी व गर्म कॉफी लिए वो नजारा देखती रही। साथ ही खिड़की से बाहर बाग में कई प्रजातियों की चिड़ियाएं विभिन्न स्वरों में गा रही थीं। दोपहर बाद जापानी मोंक द्वारा विश्व शांति हेतु बनाया गया शांति स्तूप देखा, जो सचमु?च ही शांति का प्रतीक था। बिलकुल बुद्ध की शां?त आंखों-सा। उसके बाद हम %हाल ऑफ फेम% गए, जो सीमा पर शहीद हुए हमारे जवानों की याद दिलाता है। वहां मौजूद बैंड के साथ पुष्पचक्र अर्पित करते हुए स्वत॰ ही हाथ सैल्यूट के लिए उठ गए और हृदय नतमस्तक...। दोपहर बाद सिंधु नदी व झंस्कार नदी का संगम स्थल देखा। दो अलग-अलग नदियों का पानी अलग-अलग लिए मिल रहा था, पर एक नहीं हो रहा था। अद्भुत नजारा था (यहां आप रिवर रॉफ्टिंग का आनंद ले सकते हैं।) तीसरे दिन हम %नुब्रा वेली% के लिए रवाना हुए, जो लेह से करीब 150 किमी दूर है। जाने के 5 से 6 घंटे लगते हैं। बस... यहीं से % लेह ने हमें बताना शुरू कर दिया कि मैं ऐसा नीरस नहीं, जैसे हवाई अड्डे पर दिखता हूं। लेह से %नुब्रावेली% जाने के लिए हमें %खुरदंग ला टॉप% होते हुए जाना था, जो 18,300 फुट की ऊंचाई पर है। ऑक्सीजन की बेहद कमी हमें बेहद घुमावदार पहाड़ों पर चढ़ते हुए गाड़ी में ही महसूस होने लगी थी। ऐसे में कपूर सूंघना बड़ा ही लाभदायक रहता है, जैसा कि हमें यहीं से जानकारों ने बताया था अत॰ कपूर की छोटी-छोटी पोटलियां हमारे साथ थीं।



## सार-समाचार

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में बूंद बूंद सिंचाई के लिए किया प्रोत्साहित

■ जलतेदीप, निस., दौसा

कृषि विज्ञान केन्द्र दौसा पर वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता डॉ. बी. एल.ककरालिया निदेशक प्रसार शिक्षा निदेशालय व कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर ने की। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि किसानों को बूंद बूंद सिंचाई के लिए प्रोत्साहित किया जाये ताकि पानी का सही उपयोग किया जा सके व फसलों की पैदावार बढ़े। बैठक मुख्य केन्द्र का गत एक वर्ष का प्रगति प्रतिवेदन डॉ. बी. एल. जाट वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ने प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान डॉ. सुदेश कुमार निदेशक रारी दुर्गापुरा ने जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात कही व केन्द्र पर आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षणों को कृषकों की जरूरत के अनुसार दिये जाने चाहिए। इस बैठक मुख्यकृषि उपनिदेशक, वन अधिकारी, उपनिदेशक आत्मा व केन्द्र के डॉ. आर. एल मीना, डॉ. बबिता डीगवाल, डॉ. अक्षय चित्तोडा, व डॉ. सुनिता कुमारी उपस्थित रहे।

### सीएससी भवानीमंडी मैं आशा मीटिंग का आयोजन

■ जलतेदीप, निस., झालावाड़



सीएचसी भवानीमंडी पर मंगलवार आशा मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें सेक्टर भवानीमंडी, पचपहाड़, गरनावद, गुराड़िया जोगा, मिश्रोली की आशा सहयोगिनी ने भाग लिया। मीटिंग में बीपीएम रजनी दवे द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष व महिला नसबंदी के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सभी को व्यक्तिगत टारगेट देकर समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। तथा फील्ड मॉनिटर गुलजार मंसूरी द्वारा एएनसी, पूर्ण टीकाकरण, ममता कार्ड में एंट्री, बीएचएस तनुजा कुमारी द्वारा पीपीआईयूसीडी, पीएचएस, दीपमाला व नीरज द्वारा अंतरा इंजेक्शन के बारे में चर्चा की गई । साथ ही श्रेष्ठ कार्य करने वाली आशाओं को ब्लॉक से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया चिकित्सा अधिकारी प्रभारी भवानीमंडी डॉ पटेरिया द्वारा भवानी मंडी की आशाओं को सर्वे कर समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमो के टॉरगेट पूरे करने के लिए निर्देशित किया गया।

### राजकीय माध्यमिक विद्यालय गुजुकी में कक्षा कक्षों का पुनः निर्माण

■ जलतेदीप, निस., अलवर



ग्राम गुजुकी के सरकारी स्कूल में बच्चों के पढ़ने के लिये 15×30 फीट साईज के एक जीर्ण शीर्ण भवन का पुनः निर्माण एक प्रयास संस्था के द्वारा करवाया गया। 26 जनवरी 2020 को संस्था के प्रायः सभी सदस्यों द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। बच्चों को फल भी वितरित किये गये उद्घाटन के समय संस्था अध्यक्ष अरुणा देवड़ा, पूनम अरोड़ा, शोभा अग्रवाल, मनीषा जैन, बन्धना गुप्ता, उर्मिला मोर, कृष्णा अग्रवाल, रेखा मेठी, पिंकी गर्ग आदि सदस्य मौजूद थे।

### एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई

सुनेल। सुनेल कस्बे में ब्लॉक स्तरीय गार्गी मीना मंच की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनेल में आयोजित किया गया जिसमें 130 संभागीय ने भाग लिया जिसका शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पन्ना लाल वर्मा अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनेल द्वारा किया गया कार्यक्रम की शुरुआत में शिविर में बालिका शिक्षा उत्थान के क्रम में जोर दिया गया महिला कोर ग्रुप द्वारा सभी संभागीय से ग्रुप में चार्ट तैयार करवाए गए मीना राजू मंच एव गार्गी मंच के गठन के बारे में जानकारी दी गई आरती मधु राठौड़ पिंकल प्रजापति इंदिरा मेघवाल रौनक पालीवाल बरखा राठौड़ द्वारा भी सभी संभागीय को मीना मंच गार्गी मंच के गठन व कार्यप्रणाली के बारे में बताया कि उन्हें विद्यालय में बालिकाओं के मंच गठन करके उनके माध्यम से समाज में जागृति लाने व बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु किस प्रकार गतिविधियां करना है।

### 31 वां सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया



■ जलतेदीप, निस., सादुलपुर

बालाजी कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं मानव विकास संस्थान राजगढ़ के तत्वावधान में 31वां सड़क सुरक्षा सप्ताह-2020 समाजसेवी महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अति पुलिस अधीक्षक भरत राज ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि देश में प्रतिवर्ष 5 लाख दुर्घटना होती है इस क्रम में राजस्थान में भी यह आंकड़ा बहुत भयावह है और राज्य में देश भर की दुर्घटनाओं की दूसरे स्थान पर लगभग 10 हजार मौतें हो जाती है। इनको रोकने हेतु सभी को मिलकर काम करने तथा सड़क नियमों का प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्या डॉ.सुमन जाखड़ ने छात्राओं को इस और जागरूक रहने व परिवार के लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसी क्रम में व्याख्याता विमल सिंघल, अनीता खिचड़, नवाब अली, ओम प्रकाश, रामरतन आदि ने भी विचार व्यक्त किए। संस्थान के सचिव विनोद कुमार ने आयोजन की व्यवस्था के लिए विद्यालय परिवार तथा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बालिकाओं को समाज की महत्वपूर्ण धुरी बताते हुए सड़क सुरक्षा के इस कार्यक्रम में बड़ों के साथ साथ बच्चों की सहभागिता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनीता ने किया।

### विद्यालय में बाल सभा का आयोजन

■ जलतेदीप, निस., सादुलपुर

महाराणा प्रताप चौक स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी देवी ने झंडा रोहण किया। इस मौके संविधान की शपथ दिलवाई गई और गणतंत्र के ओचित्य मूल अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रगान व झंडा गान के बाद मिष्ठान वितरण हुआ। इस मौके बाल सभा का आयोजन हुआ, जिसमें राजस्थान के लोक गीत देशभक्ति सेओतप्रोत प्रस्तुतियां बालक बालिकाओं द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर



रणधीर सिंह, महिपाल सिंह, मनोज पूनिया, दिनेश सावित्री, अंजू, निर्मला, मनकेश, सुमन महला, कैलाश मोदी आदि ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन जुगल किशोर पूनियां ने किया।

# झुंझुनूं में दो कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई

■ जलतेदीप, निस., झुंझुनूं

नियम विरुद्ध चल रहे शहर में अवैध कोचिंग सेंटरों पर जिला प्रशासन ने मंगलवार को सख्ती करते हुए शहर के मंडावा मोड़ स्थित दो कोचिंग सेंटर पर कार्रवाई करते हुए उस जगह को सीलबंद किया जो नगर परिषद क्षेत्र की थी । खसरा नंबर 1687 के अनुसार यह जमीन झुंझुनू नगर परिषद के नाम चल रही है।वहीं उक्त भूखंड पर विवेकानंद और लांबा कोचिंग संस्थानों ने बड़े-बड़े अपनी संस्थान के पोस्टर बैनर लगाकर कोचिंग सेंटर चलाए जा रहे थे। उपखंड अधिकारी सुरेंद्र कुमार यादव,नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचल्या,शहर कोतवाल गोपाल सिंह ढाका,हल्का पटवारी दिलीप कुमार बुगालिया व नगर परिषद के अन्य कर्मचारियों द्वारा उपखंड अधिकारी की मौजूदगी में सील लगाकर संचालन ना करने के लिए इन्हें पाबंद कर नोटिस चस्पा कर दिया गया।मौके पर कोचिंग संस्थानों को संचालित करने वालों के पास जमीन का कोई पट्टा या रजिस्ट्री उपखंड अधिकारी को दिखाने में सक्षम नहीं रहे संचालक।मीडिया द्वारा पूछे जाने पर उपखंड अधिकारी ने बताया कि यह दोनों संस्थान नगर परिषद की भूमि पर अवैध रूप से संचालित हो रहे थे,जिला कलेक्टर रवि जैन द्वारा अतिरिक्त जिला कलेक्टर के अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर पूरे जिले के अंदर नियम विरुद्ध अवैध कोचिंग संचालन करने वालों के विरुद्ध एक अभियान अभियान चलाया जा रहा है।गठित कमेटी ने जांच के दौरान 15 कोचिंग संस्थानों को चिन्हित कर उनको खामियां को दुरुस्त करने का नोटिस भी जारी किया गया।कोचिंग सेंटर के अंदर बहुत सी अनियमितताएं पाई गई,जिसमें सभी पैरामीटर्स देखकर जांच की गई।कोचिंग सेंटरों में वैधानिक अनुमति,भूमि कन्वर्जन,पर्याप्त भवन,अग्निशमन यंत्रों का होना साथ में जहां कोचिंग चलाई जा रही है,वहां पर पार्किंग का होना,सड़क के आवागमन की सुविधा के साथ मूलभूत सुविधाओं का होना भी शामिल था।अवैध कोचिंग संचालन का मामला जिला प्रभारी मंत्री की 10 दिसम्बर को हुई जनसुनवाई में भी उठा था जिसपर जिला कलेक्टर रवि जैन द्वारा कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया था।


**इनका कहना है**

जिला कलेक्टर ने एक कमेटी अतिरिक्त जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिसमें तहसीलदार झुंझुनूं व नगर परिषद आयुक्त को शामिल कर नियम विरुद्ध चल रहें कोचिंग संस्थानों की जांच करने को कहा गया था,रिपोर्ट आने से मालूम चला लाम्बा कोचिंग सेंटर व विवेकानंद कोचिंग संस्थान की जगह ही नगर परिषद की है जिसपर संचालन ही नहीं किया जा सकता।उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि नगर परिषद की जमीन पर अवैध निर्माण करने व अति मण को तीन दिवस में स्वेच्छा से मुक्त करने का नोटिस दे,तीन दिवस में अति मण नही हटाया जाए तो जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाए।अन्य कोचिंग संस्थानों पर भी शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।इन दो संस्थानों पर पहले भी अति मण हटाने की कार्रवाई की गई थी,दोबारा से कैसे अति मण हुआ इसमें जिस भी अधिकारी की कमी पाई जाएगी जांच कर रिपोर्ट जिला कलेक्टर को दी जाएगी।

-सुरेंद्र कुमार यादव, उपखंड अधिकारी झुंझुनूं

## कुख्यात बदमाश विक्रम उर्फ लादेन हैदराबाद से गिरफ्तार, पूर्व सरपंच की हत्या के मामले में था फरार

■ जलतेदीप, निस., अलवर



जिले के बहरोड़ से फरार कुख्यात बदमाश विक्रम उर्फ लादेन को पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया गया है। विक्रम पूर्व सरपंच जसराम की हत्या के साथ कई मामलों में फरार चल रहा था। जिसके साथ उस पर बहरोड़ डीएसपी अतुल साहू को भी जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। बताया जा रहा है कि पपला गुर्जर भी लादेन की हत्या करने ही बहरोड़ आया था।

जानकारी अनुसार, पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र सोलंकी की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। विक्रम के बारे में सूचना मिलने पर टीम तुरंत तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद पहुंची। जहां विक्रम को गिरफ्तार किया गया। अब आरोपी को बहरोड़ लाया जा रहा है। जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। अलवर जिले के ही जैनपुरवास में पूर्व सरपंच और हिस्ट्रीशीटर जसराम गुर्जर का सिक्का चलता था। वहीं पहाड़ी में विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन की गैंग बनी है। आपसी रंजिश को लेकर पहाड़ी के युवक रविन्द्र उर्फ अटैक की बानसूर में कोर्ट से गांव आने के दौरान हत्या की गई थी। हत्या होने पर जसराम की गैंग के लोगों पर शक जताया गया था। जिनके खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज हुआ। जिससे लादेन खुद की हत्या होने की आशंका व अटैक की मौत से खफा होकर जसराम की हत्या की थी।

## निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर 31 को

अलवर। महावीर इन्टरनेशनल अलवर कैन्द्र द्वारा निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर शुक्रवार को प्रातः 8.30 से 11.00 बजे तक आचार्य हस्ती चिकित्सालय, शान्ति कूंज अलवर में लगाया जायेगा। इस शिविर में मरीजों की नेत्र जाँच कर मोतिया बिन्द के मरीज चिन्हित किया जाएंगे मोतिया बिन्द के चिन्हित मरीजों के लेन्स प्रत्यारोपण के ऑपरेशन आचार्य हस्ती चिकित्सालय, शान्ति कुंज अलवर में निःशुल्क किए जाएंगे तथा ऑपरेशन के बाद दवाईयां तथा चश्में निःशुल्क दिए जायेंगे।

## तृतीय चरण का मतदान आज, मतदान के लिए रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

■ जलतेदीप, निस., भरतपुर

पंचायत राज संस्थाओं के तृतीय चरण की पंचायत समितियों के सरपंच एवं पंच पद के चुनाव करवाने के लिये पोलिंग पार्टियाँ मंगलवार को एमएसजे कॉलेज में अन्तिम प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने मतदान केन्द्रों के लिये रवाना हुयी।

जिला निर्वाचन अधिकारी नथमल डिडेल ने सभी मतदान कार्मिकों को भयमुक्त होकर निष्पक्ष मतदान करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की सूचनायें समय पर उच्च अधिकारियों के साथ साझा करें। प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन की कार्य प्रणाली एवं मतपेटियों पर विभिन्न प्रकार की सील लगाने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात मतदान दलों को आवश्यक सुरक्षा जाप्ता, मतदान सामग्री की किट, ईवीएम मशीन एवं मतपेटियां देकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जिनमें वैर की 25 ग्राम पंचायतों के लिए 83 मतदान दल, बयाना की 46 ग्राम पंचायतों के लिए 188 मतदान दल एवं रूपवास की 32 ग्राम पंचायतों के लिए 130 मतदान दल रवाना किये गये तथा मंगलवार को सांय समस्त मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर पहुंचे।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश कुमार मालव, जिला परिषद सीईओ पुष्कर राज शर्मा, यूआईटी सचिव उम्मेदीलाल मीणा व अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## डीएम और एसपी ने मतदान केन्द्रों का दौरा कर भयमुक्त मतदान की अपील की

■ जलतेदीप, निस., भरतपुर

वैर की 25 ग्राम पंचायतों, बयाना की 46 ग्राम पंचायतों एवं रूपवास की 32 ग्राम पंचायतों के लिए सरपंच और पंच पदों के लिये बुधवार को होने वाले चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये जिला निर्वाचन अधिकारी नथमल डिडेल और पुलिस अधीक्षक हैदर अली जैदी ने कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया, पोलिंग पार्टियों से बातचीत कर उनका उत्साह बढाया तथा मतदाताओं से भयमुक्त होकर शान्तिपूर्वक मतदान करने की अपील की।डीईओ और एसपी ने वैर में सरसैना, सिरस, जगजीवनपुर और समराया, बयाना में कनावर आदि मतदान केन्द्रों का दौरा कर बिजली, पेयजल, सुरक्षा, पोलिंग पार्टी के लिये रात्रि में रूकने की व्यवस्था, दिव्यांगों के लिये रैम्प, वाहन सुविधा आदि के बारे में जायजा लिया। एसपी ने सुरक्षा बलों को चैकस रहने तथा पोलिंग पार्टी से पूर्ण सामंजस्य स्थापित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एसडीएम, थानेदार, बीएलओ, सुपरवाईजर भी मौजूद रहे।

## सिधमुख नहर परियोजना, 4358 हैक्टेयर भूमि पर सिंचाई योजना वर्षों से लंबित

■ जलतेदीप, निस., सादुलपुर

राजगढ़ तहसील की एक मात्र नहर योजना वर्षों से पूरा होने का इंतजार कर रही है। दशकों पूर्व प्रस्तावित सिधमुख नहर परियोजना पूर्ण होने का नाम ही नहीं ले रही है। आरटीआई कार्यकर्त्ता और क्षेत्र के समाजसेवी एडवोकेट हरदीप सिंह सुन्दरिया की ताजा आरटीआई में संबंधित विभाग ने खुलासा किया है कि इस परियोजना के अधीन सिधमुख क्षेत्र के चौदह गांव का कुल 4358 हैक्टेयर रकबा सिंचित कमाण्ड एरिया में शामिल है। वर्षो से प्रस्तावित इस रकबे में से अभी तक मात्र 1322 हैक्टेयर क्षेत्र में इस योजना का काम पूर्ण हो पाया है, जबकि 3036 हैक्टेयर रकबा में अभी भी चकबंदी व खाला निर्माण की बाट देख रहा है। अधिशाषी अभियंता जल संसाधन खंड, भादरा ने प्रदत सूचना में यह भी स्वीकार किया है कि वर्ष 2019-20 में रबी व खरीफ फसल की सिंचाई हेतु भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड की ओर से सिधमुख नहर सहित सभी नहरों में निर्धारित पानी वरीयता क्रम से दिया जा रहा है। आवेदक को अवगत करवाया गया है कि सिधमुख नहर परियोजना के क्रियान्वयन के लिए अधिशाषी अभियंता का पद खाली नहीं है और उक्त पद पर सुखमहैंद सिंह कार्यरत हैं।

योजना को पूर्ण करवाने के लिए जल्द ही ली जाएगी हाई कोर्ट की शरणः- धानोठी निवासी आरटीआई आवेदक एडवोकेट हरदीप सिंह सुन्दरिया ने बताया कि सिधमुख क्षेत्र के किसान वर्षों से नहरी पानी की उम्मीद लगाये बैठे हैं, सिंचाई तो दूरएपीने का पानी गांवों के जोहड तक नहीं पहुँच पा रहा है, लेकिन अब इस योजना को केवल राजनेताओं और सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जाएगा। प्रस्तावित योजना को हाई कोर्ट की निगरानी में नियत एवं सीमित अवधि में पूर्ण करवाने तथा सिंचाई योजना के रकबे को बढ़ाने के लिए वे जल्द ही सभी तथ्यों के साथ हाई कोर्ट की शरण लेंगे और किसानों की यह लड़ाई अब सियासत के धरातल की बजाय न्याय के मंदिर में लड़ी जायेगी।

## ब्लॉक झालरापाटन की मासिक बैठक का आयोजन

■ जलतेदीप, निस., झालावाड़



ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वालो को किया सम्मानित मंगलवार को ब्लॉक झालरापाटन की मासिक बैठक का आयोजन ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार मीणा की उपस्थिति में रखी गई। मिटिंग में ब्लॉक पर कार्यरत समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, एलएचवी, एएनएम, पीएचएस, कम्प्युटर ऑपरेटर उपस्थित रहे व जिन अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया है। उन्हे ब्लाक मुख्य चिकित्सा द्वारा सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रोग्राम मेनेजर द्वारा रजनी दवे व ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रत्येक उपस्वास्थ्य केन्द्रवार सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा कि गई। जिसमें परिवार कल्याण में जिन उपस्वास्थ्य केन्द्रों की उपलब्धि कम है उन्हें 15 दिवस मे लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये व जिन उपस्वास्थ्य केन्द्रों का टीकाकरण कम उन्हे टीम वर्क से सर्वे के माध्यम से लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी एएनएम को उनके क्षेत्र मे होने वाली शिशु मृत्यु की ऑडिट करने के लिए पाबन्द किया गया व सभी उपस्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम को प्रसूति नियोजिन दिवस प्रत्येक उपस्वास्थ्य केन्द्र पर माह में चतुर्थ गुरुवार को करने के निर्देश दिए गए।

## बुजुर्गों का सम्मान हमारी संस्कृति में रचा बसा हैः सुनिता

■ जलतेदीप, निस., सादुलपुर

गणतंत्र दिवस पर तहसील के गांव गुलपुरा में एक अनूठी और शानदार पहल की गई जो सम्भवतः अपने आप में पहली शुरूआत होगी। गांव गुलपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में इस बार युवाओं ने गणतंत्र दिवस पर कुछ अनोखा करने का विचार सुमेर सिंह सिहाग, योगेश पूनिया और कृष्ण धनखड़ ने किया जिसमें आजादी से पूर्व जिन वृद्ध जनों ने गुलामी को करीब से देखा है और अभाव में जीवन यापन करते हुए आजाद भारत का नया सवेरा भी होते हुए



देखा, उन महानुभावों का जिनकी आये 80 वर्ष से अधिक की है उनका सम्मान करना चाहिए। इस प्रोग्राम का नाम रखा गया बुजुर्गों का मान हमारी शान। इस रंगारंग कार्यक्रम में देश भक्ति के रंग मे सरोबार सभी ग्रामवासियों के साथ साथ विद्यालय स्टाफ ने भी बहुत शानदार भागीदारी निभाई। गांव के कुल पुरुष और महिला मिलाकर 30 लोगो को साफा, शाल, छडी़ और च्यवनप्रास के डब्बे भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रिंसिपल सुनिता ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि बुजुर्गों का सम्मान हमारी संस्कृति मे रचा बसा है मगर इस भौतिकता के युग मे समाज बिखरने लगे हैं और बुजुर्गों की कदर कम होती जा रही है, जिसका दुष्परिणाम यह कि युवा पीढी नशा और अनैतिक कार्यों की तरफ कदम उठा रही है। इस अवसर पर कैप्टन मानसिंह सिहाग ने विद्यालय मे बच्चों के खेल का सामान भेंट करने की घोषणा की।

## जिले में 3 स्थानों पर कल लगेंगे रक्तदान शिविर

■ जलतेदीप, निस., भरतपुर

निरोगी राजस्थान अभियान के तहत 30 जनवरी को सर्वोदय दिवस के अवसर पर जिले में तीन स्थानों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर जिला आरबीएम हॉस्पिटल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बयाना एवं रूपवास पर आयोजित किए जाएंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कप्तान सिंह ने बताया कि रक्तदान शिविरों के उपखंड अधिकारी नोडल अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी शिविर प्रभारी होंगे। खंड के सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालय, तकनीकी महाविद्यालय एवं स्वैच्छिक रक्तदान संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड रक्तदाताओ को प्रोत्साहित कर सहयोगी के रूप में कार्य करेंगे जिसमें युवाओं से रक्तदान के संकल्प पत्र भी भरवाकर रक्तदान करवाए जाने हेतु प्ररित किया जावेगा।

डॉ. सिंह ने आह्वान किया कि सभी लोग मिलकर रक्तदान के लिए ऐसा सकारात्मक और उत्साही माहौल बनाएं कि लोग ज्यादा से ज्यादा रक्तदान के लिए प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि इस बार रक्तदान के अलावा लोगों को रक्तदान का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करें और आयोजन में आने वाले सभी युवाओं का रक्त संबंधी डेटा रखा जाए। पवन शर्मा फील्ड ब्लड ऑफिसर ने बताया कि 'मास्टर डेटा ऑफ ब्लड डोनर' बनाया जाएगा ताकि जरूरत प?ने पर संबंधित समूह के रक्त के लिए संबंधित व्यक्ति को रक्तदान के लिए बुलाया जा सके।

रक्तदान शिविर शहर मुख्यालय भरतपुर में जिला आरबीएम अस्पताल एवं सामुदायिक केंद्रों रूपवास एवं बयाना पर आयोजित किए जाएंगे। कैम्प का समय प्रात 9 बजे से होगा।

## पालिका एईएन को मातृ शोक

■ जलतेदीप, निस., सादुलपुर

राजगढ़ नगरपालिका के एईएन रतन सिंह की माता शरबती देवी (धर्मपत्नी भानीराम) का निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को किया गया। अंतिम यात्रा जेल भवन के पीछे (पुराने वार्ड नं. 2) स्थित उनके निवास स्थान से आरंभ हुई। अंतिम यात्रा में राजगढ़ नगरपालिका के कर्मचारियों के अलावा शहर के अनेक लोग शामिल हुए।



## चन्द्र फिल्म्स प्रोडक्शन ने किया कलाकारों का अभिनंदन

■ जलतेदीप, निस., सादुलपुर

चन्द्र फिल्म प्रोडक्शन की तरफ से आपणी पाठशाला चूरू में आयोजित समारोह में कलाकारों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक निर्माता-निर्देशक राजेन्द्रसिंह शेखावत ने बताया कि यहाँ अभिनेता अफजल गौरी, आपणी पाठशाला के जनक धर्मवीर जाखड़, पर्यावरण प्रेमी अमरसिंह किशनावत, संगीतकार राजेन्द्र शरनोट का सहायक निर्देशक राजकुमार नायक, डीओपी ओम पूनिया, कलाकार कमल कुमार, हरि हरनी, भूपेंद्रसिंह, बाल कलाकार जीविका, अमित तिवारी फिल्मस्थान ने सम्मानित किया। अफजल गौरी ने चन्द्र फिल्म्स प्रोडक्शन की दूसरी फिल्म छोरो नम्बर वन में मुख्य किरदार अदा किया है। धर्मवीर जाखड़ चन्द्र फिल्म्स प्रोडक्शन की पहली फिल्म आपां नै तो बेटी बचाणी है में मंत्री के अंग रक्षक की भूमिका निभाई है। इन दोनों फिल्मों में संगीत राजेन्द्र शरनोट ने दिया है। अमरसिंह किशनावत सैंकड़ों पौधे लगा चुके है। इस मौके पर दिनेश कुमार सैनी, सुमित कुमार आदि सहित पाठशाला के बच्चे मौजूद थे।

## जल संरक्षण का संदेश दे प्लास्टिक उपयोग ना करने का किया आग्रह

■ जलतेदीप, निस., अलवर

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो जयपुर द्वारा आज अलवर शहर में जल संरक्षण के महत्व के बारे में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराकर विजेताओं को पुरस्कृत किया। जल योद्धा वाहनी के प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि मंत्रालय के प्रचार-प्रसार दल द्वारा ओसवाल जैन स्कूल एवं राजकीय एस.एम.डी स्कूल परिसर में जल संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्ति का संदेश दिया। दल द्वारा जल संरक्षण के परम्परागत एवं आधुनिक उपायों के बारे में विस्तार से बताया तथा उपस्थित छात्रा-छात्राओं एवं दर्शकों को दैनिक जीवन में पानी का उपयोग एवं संरक्षण के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने संदेश दिया कि पानी बचाने से ही जीवन बचेगा इसके लिए बरसात के पानी को संरक्षित करें। साथ ही उन्होंने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का आग्रह भी किया। उन्होंने प्लास्टिक कैरी बैग एवं अन्य उत्पादों के उपयोग से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया। दिनचर्या में पेपर बैग एवं कपड़े के थेले के उपयोग करने का नियम बनाए।

इस दौरान जल संरक्षण पर दोनों स्थानों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया एसएमडी स्कूल की छात्रा सोनिया गुर्जर व ओसवाल स्कूल के छात्रा तुषार को हाथ घडी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सुगम मतदान कार्यक्रम के तहत 1 हजार 632 दिव्यांग करेंगे मतदान

■ जलतेदीप, निस., भरतपुर

जिला निर्वाचन अधिकारी नथमल डिडेल ने बताया कि पंचायती राज आम चुनाव-2020 के तृतीय चरण के लिये पंचायत समिति रूपवास में 416, बयाना में 897 एवं वैर में 319 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं । इनकी सुविधा के लिए 28 व्हीलचेयर एवं इनके घर से बूथ तक आवागमन व वापस घर छोडने के लिए वाहनों की व्यवस्था भी की गयी है साथ ही सहयोग के लिए 103 मतदान केन्द्रों पर 521 आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं महिला सुपरवाईजरों की नियुक्ति की गयी है ताकि अधिक से अधिक दिव्यांग मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर सके।

## पंचायत चुनाव के तीसरे चरण का मतदान आज,प्रशासन मुस्तैद

■ जलतेदीप, निस., अलवर

पंचायत आम चुनाव 2020 के लिए 29 जनवरी को होने वाले तृतीय चरण के मतदान के लिए बहरोड, किशनगढबास एवं गोविन्दगढ की 94 ग्राम पंचायतों में मतदान हेतु राजकीय बाबू शोभाराम कला महाविद्यालय से आज मतदान दलों ने मतदान सामग्री, इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनें एव वीवीपैट लेकर अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए प्रस्थान किया। इनमें बहरोड के लिए 152 पोलिंग पार्टियों के साथ 11 रिजर्व दल, किशगढबास के लिए 145 पोलिंग पार्टियों के साथ 12 रिजर्व दल एवं गोविन्दगढ के लिए 113 पोलिंग पार्टियों के साथ 8 रिजर्व मतदान दल रवाना हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह एवं पर्यवेक्षक निष्काम दिवाकर ने आज मतदान दलों की रवानगी का अवलोकन किया। मतदान दलों ने महाविद्यालय में खोले गए विभिन्न काउंटरों से चुनाव सामग्री प्राप्त की और अपने लिए आंवटित वाहनों में पुलिस कर्मियों को साथ लेकर अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना हो गए। सभी मतदान दल रूटचार्ट के निर्धारित मार्ग से और मार्ग में स्थापित चैकपोस्टों पर अपनी उपस्थिति अंकित कराते हुए अपने से संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंच गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी एरिया मजिस्ट्रेटों और गश्ती पुलिस दलों को भी अपने क्षेत्र में निरंतर गतिशील रहने एवं स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण बने।

## मतदान दिवस पर रहेगा सवैतनिक अवकाश

■ जलतेदीप, निस., भरतपुर

पंचायतीराज आम चुनाव- 2020 के तृतीय चरण के तहत पंचायत समिति वैर, बयाना एवं रूपवास क्षेत्र के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस, 29 जनवरी को सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है।जिला निर्वाचन अधिकारी नथमल डिडेल ने बताया कि पंचायती राज आम चुनाव-2020 के पंचायत समिति वैर, बयाना एवं रूपवास क्षेत्र के निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित निजी औद्योगिक संस्थानों, राजकीय उपक्रमों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य सभी प्रकार के स्थापन के नियोजकों में कार्यरत सभी व्यक्तियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## सार-समाचार

### रील परिसर में गणतन्त्र दिवस समारोह आयोजित

■ दैनिक जलतेदीप, वासं, जयपुर

राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इंस्ट्रमेंट्स लिमिटेड, (रील) के कनकपुरा स्थित परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक डॉ. ए. के. जैन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, साथ ही सभी उपस्थित कर्मचारियों व उनके परिजनों द्वारा राष्ट्रीय गान गाकर देश के 71वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर राष्ट्र के प्रति सम्मान व देश प्रेम की भावना प्रकट की गई। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक, डॉ. ए. के. जैन ने अपने उदबोधन में सभी कर्मचारियों, उनके परिजनों व सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। डॉ. जैन ने कहा कि हमने विगत 38 वर्षों से अपने निरंतर व अथक प्रयासों से कंपनी को एक लाभकारी उपक्रम की श्रेणी मे स्थापित रखा है। जो हम सब के लिए गर्व व हर्ष का विषय है, जिसके फलस्वरूप कंपनी को राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। इसका श्रेय उन्होने कंपनी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, लगन एवं कर्तव्य निष्ठा को दिया। उन्होंने सभी को पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए कंपनी को आगे बढ़ाने के साथ-साथ अपने परिवार, समुदाय व राष्ट्र के विकास में अपना शत प्रतिशत योगदान देने की बात कही, साथ ही सभी से एकजुट हो कर कार्य करते हुए वर्ष 2019-20 में निर्धारित बिजनेस टारगेट को द्रुत गति से पूरा करने का आव्हान किया। इस समारोह में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व समारोह के समापन पर समस्त सदस्यों ने जल-पान का आनंद लिया।



### पार्कर सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की छठी वर्षगांठ का आयोजन



■ दैनिक जलतेदीप, वासं, जयपुर

पार्कर सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की छठी वर्षगांठ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर किरोड़ी लाल मीणा, राज्यसभा सांसद एवं विधायक रामनिवास गावड़िया ने शिरकत की प्राइवेट लिमिटेड एक ऐसी कंपनी है जो सोशल मीडिया वेबसाइट डेवलपमेंट क्षेत्र में अपनी उत्सव सेवाओं के लिए जानी जाती है सलूशन प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर पंकज ने बताया कंपनी निरंतर तरक्की कर रही है और अपने ग्राहकों को संतुष्टि सेवाएं दे रही है जिससे ग्राहक बढ़-चढ़कर पार्किंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ काम करने के लिए आगे आ रहे हैं इस कायक्रम में कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की साथ ही साथ विगत 6 वर्षों में कंपनी के साथ जो ग्राहक निरंतर साथ रहे उन्हें आमंत्रित कर उनका सम्मान भी किया गया उनसे आगे कंपनी के साथ निरंतर बने रहने का आश्वासन भी लिया गया।

## एक वर्ष के भीतर राज्य में दुगनी व्यापार वृद्धि का लक्ष्य

# पेटीएम ऑल-इन-वन क्यूआर के साथ प्रदेश में 1 लाख व्यापारियों को बनाएगा सशक्त

■ दैनिक जलतेदीप, वासं, जयपुर




भारत के सबसे बड़े पेमेंट्स प्लेटफॉर्म पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के अधीन) ने घोषणा की है कि वह अगले 12 महीनों में राजस्थान के 1 लाख व्यापारियों को अपने परिवार में शामिल करेगा। देशभर के व्यापारियों के लिए ऑल-इन-वन-क्यूआर के हालिया लॉन्च ने अब तक इस राज्य के व्यापारियों को पेटीएम वॉलेट, रुपे कार्ड्स और सभी यूपीआई आधारित पेमेंट्स एप के माध्यम से 0 फीसदी शुल्क पर सीधे अपने बैंक खाते में असीमित भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाता है। इसके अलावा भी, ये कंपनी अगले एक वर्ष के भीतर राजस्थान में दुगनी व्यापार वृद्धि के लक्ष्य से आगे बढ़ रही है।

ये प्लैटफॉर्म अपने पेटीएम फॉर बिजनेस ऐप के माध्यम से सभी भुगतानों का एक सम्पूर्ण समाधान प्रदान करता है। कंपनी आगे भुगतान के आलावा भी और गहरे सम्बन्ध बनाने के लिए व्यापारिक समाधानो में निवेश करने की योजना बना रही है। पेटीएम ने अपने ऑल-इन-वन पेटीएम क्यूआर को कैलकुलेटर, पावर बैंक, घड़ी, पेनस्टैंड और रेडियो जैसे विभिन्न उपयोगिता वाले वस्तुओं में भी लॉन्च किया है जिनका उपयोग व्यापारी अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दुकानों में कर सकते हैं। इसने व्यापारियों के नाम, लोगो और चित्रों के साथ व्यक्तिगत क्यूआर कोड का भी अनावरण किया है ताकि डिजिटलपेमेंट के साथ उनका जुड़ाव और मजबूत हो सके। इनक्यूआरकोड्सको 'पेटीएम फॉर बिजनेस ऐप के मर्चेंडाइज स्टोर से डोर स्टेप डिलीवरी के लिए ऑर्डर किया जा सकता है। साउंड बॉक्स सबसे लोकप्रिय क्यूआर मर्चेंडाइज में से एक है जो व्यापारियों को पसंद है क्योंकि यह उन्हें पेमेंट की पुष्टि को सुनने की अनुमति देता है। यह सभी पेमेंट मोड और कई भाषाओं का सपोर्ट करता है। पेटीएम अपने डायनामिक क्यूआर के साथ व्यापारियों के लिए भुगतान को और अधिक सुविधाजनक बना रहा है जहां अलग ऑर्डर के लिए एक विशिष्ट क्यूआर कोड उत्पन्न किया जा सकता है जिसे व्यापारी बाद में किसी भी PoS प्रणाली में एकीकृत कर सकते हैं। केवल व्यापारिओं के लिए निर्मित ऐप 'पेटीएम फॉर बिजनेस' काबड़ेपैमानेपर 10 मिलियन पेटीएम भागीदारों द्वारा उपयोग किया जाता है। इस ऐप ने उन्हें अपने भुगतानों को प्रबंधित करने, एक ही स्थान पर अपने सभी लेन देन देखने, व विभिन्न अन्य सेवाओं के बीच पेटीएम क्यूआर मर्चेंडाइज का ऑर्डर करने में सक्षम किया है। व्यापारी कई व्यावसायिक सेवाओं और वित्तीय समाधानों जैसे कि ऋण व बीमा का लाभ उठा सकते हैं। इस अभिनव पेशकश ने पेटीएम मर्चेंट भागीदारों को किसी भी समय अपने बैंक खातों में तुरंत पेमेंट को ट्रांसफर करने का अधिकार दिया है। डिजिटल भुगतानों की व्यापक स्वीकृति को प्रोत्साहित करने के लिए, पेटीएम अपने लंबे समय से जुड़े व्यापारी भागीदारों को पुरस्कार और कैश बैक प्रदान करता है। पेटीएम ने एक नई महत्वपूर्ण सेवा पेटीएम बिजनेस खाता भी शुरू की है जो पेटीएम ऑल-इन-वन क्यूआर का पूरक है। यह आगे चलकर पेटीएम मर्चेंट केभागीदारों को अपने सभी लेन-देन के कैश और क्रेडिट (उधार) सहित एक डिजिटल खाता बनाए रखने का अधिकार देता है। पेटीएम बिजनेस खाता के साथ, व्यापारी क्रेडिट लेन देन के लिए देयतिथि निर्धारित कर सकते हैं और स्वचालित अनुस्मार कभी भेज सकते हैं।

# गोदरेज अप्लायंसेज ने एयर कूलर श्रेणी में कदम रखा




■ दैनिक जलतेदीप, वासं, जयपुर

होम अप्लायंसेज सेगमेंट की प्रमुख कंपनी, गोदरेज अप्लायंसेज ने भारतीय बाजार के लिए पहली बार एयर कंडीशनर की इनवर्टर टेक्नोलॉजी युक्त अपने विशिष्ट एयर कूलर्स लॉन्च किए। इन इको-फ्रेंडली कूलर्स के साथ, इस ब्रांड ने डेजर्ट कूलर श्रेणी में कदम रखा, जो अनुमानतः कुल कूलर इंडस्ट्री का लगभग 60-65 प्रतिशत है। पर्यावरण के प्रति गोदरेज की वचनबद्धता के अनुरूप, ब्रांड द्वारा एयर कूलर्स में इन्वर्टर तकनीक का पहली बार प्रयोग किया गया है, जो कि बेहतर क्षमता के साथ दमदार कूलिंग सुनिश्चित करता है और इससे बिजली की भी 50 प्रतिशत तक अधिक बचत होगी, जिससे 3 वर्षों में 3000 रु. तक की बचत हो सकेगी। एक मजबूत डिजाइन के साथ गोदरेज एयर कूलर की विस्तृत शृंखला बेहतर सुविधाओं के साथ भरी हुई है। इन्वर्टर तकनीक कॉपर वायर्ड माइक्रोप्रोसेसर-इनेबल्ड एलडीसी (ब्रश लेस डीसी) फैन मोटर के साथ गोदरेज एयर कूलर जो फैन की गति को समायोजित करता है और परिवेशी तापमान के अनुसार पंप ऑपरेशन करता है।

गोदरेज अप्लायंसेज के प्रोडक्ट ग्रुप हेड-एयर कूलर्स, अमित जैन ने कहा, एक संगठन के रूप में, गोदरेज ने हमेशा ग्राहकों को अधिकतम उत्पाद मूल्य देने का प्रयास करता है। हम लगातार अपने उत्पादों को तैयार करने वाले अत्याधुनिक उत्पादों और सेवाओं के साथ अपने ग्राहकों को खुश करने के उद्देश्य से लगातार खोज, नवाचार और विकास कर रहे हैं। गोदरेज अप्लायंसेज के जोनल बिजनेस हेड, आदित्य यादव ने कहा, ''हमने इन्वर्टर तकनीक से संचालित गोदरेज एयर कूलर की नई रेंज के साथ एयर कूलर श्रेणी में अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाया है।

## पैनासोनिक इंडिया ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश किया

■ एजेंसी, नई दिल्ली



भविष्य के लिए तैयार कार्यबल विकसित करने के लिए विद्यार्थियों को कौशल प्रदान करने की बढ़ती जरूरत को देखते हुए, डाईवर्सिफाईड टेक्नोलॉजी कंपनी, पैनासोनिक ने अपने दो शिक्षा आधारित समाधानः 'करियरेक्स' एवं 'एक्सेलइट' लांच करने की घोषणा की है। करियरेक्स को कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए डिजाईन किया गया है। यह उन्हें डेटा साईंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग/एआई एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स आदि का कौशल प्रदान करता है। दूसरी तरफ एक्सेलइट खासकर छोटे व मध्यम शहरों में रहने वाले स्कूली विद्यार्थियों के लिए डिजाईन किया गया है। यह उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार होने में मदद करता है। पैनासोनिक इंडिया के इनोवेशन केंद (आईआईसी) में डिजाईन व विकसित किए गए ये समाधान संस्थान द्वारा श्री अनिल सहस्त्रबुद्धे, चेयरमैनय एम. पी. पुनिया, वाईस चेयरमैन, एआईसीटीई एवं डॉ. अंतरिक्ष जौहरी, डायरेक्टर, सीबीएसई ने आज विज्ञान भवन में प्रस्तुत किए। इस समारोह में भारत में 75 अग्रणी विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के चेयरपर्सन और डीन मौजूद थे। पंकज राणा, बिजनेस चीफ सैन्यो एवं ईकॉमर्स, पैनासोनिक इंडिया ने कहा, 'भारत तेजी से डिजिटल रूप से विकसित देश बन रहा है। व्यवसायों में भारी परिवर्तन आ रहा है। बदलती टेक्नोलॉजी को देखते हुए कौशल की कमी को पूरा करन एवं भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण करना बहुत जरूरी है। इस उद्देश्य के साथ पैनासोनिक में हम जमीनी स्तर पर केंद्रित हैं और हमें काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। हम भारत में विद्यार्थियों के साथ काम करते हुए उन्हें विकसित होती टेक्नोलॉजी की जानकारी प्रदान करते रहेंगे।

## आसुस ने जयपुर में आसुस एक्सक्लूसिव स्टोर लॉन्च करने की घोषणा की

■ दैनिक जलतेदीप, वासं, जयपुर



टेक्नोलॉजी के क्षेत्र की प्रमुख कंपनी, आसुस इंडिया ने जयपुर, भारत में अपना आधुनिकतम नया स्टोर लॉन्च करने की घोषणा की। पीयूष सेठ, डिस्ट्रीब्यूशन एवं कमर्शियल मैनेजर, आसुस इंडिया और हिमांशु गुप्ता, स्टोर के मालिक ने आज आसुस विशेष स्टोर का उद्घाटन किया। नया आसुस एक्सक्लूसिव स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर हार्डवेयर की विस्तृत रेंज के साथ तैयार है, जिसमें ब्रांड के प्रमुख उत्पाद जैसे कि वीवोबुक, ज़ेनबुक, ज़ेनबुक-फ्लिप, ज़ेनबुक-डुओ और रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप शामिल हैं। ब्रांड का नया आसुस एक्सक्लूसिव स्टोर मंगलम , एल. जी. 2, मंगलम इलेक्ट्रॉनिक मॉल, रिद्धि सिद्धि चौराहे के पास , गोपालपुरा , जयपुर 302018 में स्थित है।

नया स्टोर लॉन्च विभिन्न मार्केट टियर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए डिजाइन किये गये आसुस की सोच का हिस्सा है, जिसके लिए आसुस इस वित्तीय वर्ष के अंत से पहले 200 स्टोर लॉन्च् करने जा रहा है। यह स्टोर उपयोगकर्ताओं को ब्रांड के नये और प्रमुख प्रॉडक्ट तक पहुंच को आसान बनायेगा। इच्छुक ग्राहक स्टोनर में आकर वीवोबुक, ज़ेनबुक, ज़ेनबुक-फ्लिप, ज़ेनबुक-डुओ और रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप सहित आसुस के नये प्रॉडक्टम के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

## खेल दीप

## सार-समाचार

### दो दशक तक खेलने के बाद विनीत सक्सेना ने लिया संन्यास, बनाए कई अनूठे रिकॉर्ड

■ दैनिक जलतेदीप, निस., जयपुर

राजस्थान के ओपनर बल्लेविनीत सक्सेना ने घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। टीम को दो रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सक्सेना को राजस्थान क्रिकेट का दिग्गज बल्लेबाज माना जाता है। इस 39 वर्षीय बल्लेबाज ने 1998-99 में बंगाल के खिलाफ पदार्पण किया था।



उन्होंने अपना आखिरी मैच 2018-19 में उत्तराखंड की तरफ से विदर्भ के खिलाफ जनवरी 2019 में नागपुर में खेला था। इस मैच में उन्होंने रजत भाटिया की जगह टीम की कप्तानी की थी। विनीत सक्सेना लेवल एक का कोचिंग सर्टिफिकेशन कोर्स पास कर चुके हैं। उम्मीद है कि वे दूसरी पारी में बतौर कोच नजर आएंगे। विनीत सक्सेना ने राजस्थान, रेलवे और उत्तराखंड की तरफ से कुल मिलाकर 129 प्रथम श्रेणी मैच खेले जिसमें 36.89 की औसत से 7637 रन बनाए। इसमें एक दोहरा शतक, 17 शतक और 38 अर्धशतक शामिल हैं। उनका उच्चतम स्कोर 257 रन है जो उन्होंने 2011-12 के सत्र में तमिलनाडु के खिलाफ रणजी फाइनल में बनाया था। उनकी इस पारी से राजस्थान ने लगातार दूसरे साल रणजी खिताब जीता था। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 7225 रन बनाए हैं। वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 7 हजार से अधिक रन बनाने वाले 21 बल्लेबाजों में शामिल हैं।

### एयू बैंक जयपुर मैराथन 2 फरवरी को




■ दैनिक जलतेदीप, निस., जयपुर

फेस्टिवल सिटी जयपुर में उत्साह और उमंग भरने के लिए एक बार फिर से जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर एयू बैंक जयपुर मैराथन होने जा रही है। कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच 2 फरवरी को सुबह 3.30 बजे से लेकर 10 बजे तक सिर्फ मैराथन का जश्न जयपुर में दिखाई देगा। संस्कृति युवा संस्था और वर्ल्ड ट्रेड पार्क की ओर से एयू बैंक जयपुर मैराथन के 11वें सीजन में दौड ही नहीं बल्कि गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए अटेम्प्ट करेंगे 11000 रोटेरियंस एक ही टी शर्ट पहने भाग लेंते हुए। स्टार्ट पाइंट से लेकर पूरे रूट पर कई चीयरअप जोन में राजस्थान के अलावा देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति नृत्य, संगीत, चित्रकारी और कला के विभिन्न माध्यमों के जरिए देखने को मिलेगी। यानी 2 फरवरी को टोटल मस्ती और धमाल होगा। अध्यक्ष, संस्कृति युवा संस्था, पंडित सुरेश मिश्रा और प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष, वर्ल्ड ट्रेड पार्क, अनूप बरतरिया व रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि जयपुर को ग्रीन, क्लीन और स्मार्ट सिटी बनाने के लक्ष्य और जयपुरवासियों में जागरूकता के लिए एयू बैंक जयपुर मैराथन हर साल की जा रही हैं। इस साल 1 लाख से अधिक रनर्स विभिन्न रन कैटेगरी में दौड लगाएंगे। एयू बैंक जयपुर मैराथन में इस बार रोटरी क्लब द्वारा गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए अटेम्प्ट किया जाएगा। रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि जयपुर के विभिन्न रोटरी क्लब्स के साथ साथ पूरे भारत वर्ष के रोटरी क्लब्स को भी आमंत्रित किया है।

# भारत वर्सेज न्यूजीलैंड तीसरे टी20 के लिए प्लेइंग इलेवन तय

■ एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में जीत दर्ज करने के इरादे से तीसरे मुकाबले में उतरेगी। टीम इंडिया ने लगातार दो मुकाबले जीत कर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना रखी है और तीसरा मैच में जीत हासिल करते ही सीरीज भारत के नाम हो जाएगी। इस मैच में भारत के प्लेइंग इलेवन में बदलाव की संभावना नहीं है। कोहली ने दूसरे मैच के बाद ही कह दिया था वो कोई बदलाव करना नहीं चाहते हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला हेमिल्टन में खेला जाना है। विराट कोहली ने दूसरा मैच जीतने के बाद कहा था, हमने कुछ बदलाव किया जो अब सही साबित हो रहा है। जडेजा बहुत शानदार थे, चहल ने भी अच्छा किया और बुमराह हमेशा की तरह कमाल थे। जब इस तरह का कंप्लीट परफॉर्मेंस हो तो बहुत मदद मिलती है। ये वो एक टीम है जिसने हमारे लिए दोनों मैच जीते हैं। कप्तान कोहली के इस बयान से तो ऐसा ही लगता है कि वो प्लेइंग इलेवन में बदलाव के मूड में नहीं हैं। इससे मतलब यह निकाला जा सकता है कि जो खिलाड़ी पहले दो मैचों में बाहर बैठे थे उनको तीसरे मैच में भी प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिलेगी। तीसरे टी20 में भी टीम इंडिया की ओपनिंग का जिम्मा एक बार फिर रोहित शर्मा और केएल राहुल की जोड़ी पर होगा। राहुल इस मैच में भी ओपनर के साथ-साथ विकेटकीपर की भूमिका में होंगे। मिडिल आर्डर में एक बार फिर से कप्तान विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और मनीष पांडे बल्लेबाजी करते दिखेंगे। लगातार दोनों मुकाबलों में कोहली के आउट होने के बाद अय्यर ने टीम को जीत तक पहुंचाया था। पहले दोनों ही मुकाबले में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे ने शानदार प्रदर्शन किया है। दोनों ही गेंदबाज के साथ-साथ बल्लेबाजी में टीम इंडिया के उपयोगी साबित होते हैं। स्पिन गेंदबाजी में कोहली के भरोसेमंद युजवेंद्र चहल ही प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। तेज गेंदबाजी में शार्दुल ठाकुर ही अनुभवी जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की जोड़ी का साथ देंगे।

**भारत का संभावित प्लेइंग इलेवन**

रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, शार्दुल ठाकुर।

### शोएब अख्तर ने न्यूजीलैंड का उड़ाया मजाक, टीम इंडिया को कहा बेरहम

■ एजेंसी, नई दिल्ली



पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा कि विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम धीरे-धीरे बेरहम टीम बनती जा रही है और इस बात को उन्होंने एक बार फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में एकतरफा मात देकर साबित किया है। भारत ने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया था और इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली। अख्तर ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, भारत बेरहम टीम बनती जा रही है, इसका सबूत उसके द्वारा न्यूजीलैंड को दूसरे टी-20 मैच में दी गई हार से मिलता है। अगर आप (न्यूजीलैंड) इतने कम स्कोर पर आउट हो जाओगे तो आप भारत जैसी टीम के साथ कैसे लड़ाई करोगे जिसकी बल्लेबाजी काफी गहरी है।

अख्तर ने कहा, मैंने पहले कहा था कि कोलिन मुनरो और मार्टिन गप्टिल को बड़े स्कोर करने होंगे नहीं तो भारतीय टीम को रोकना मुश्किल हो जाएगा। अख्तर ने साथ ही कहा कि क्रिकेट में धीरे-धीरे प्रतिस्पर्धा खत्म हो रही है क्योंकि टीमें लड़ने की क्षमता नहीं दिखा रही हैं।

पूर्व पाक तेज गेंदबाज ने कहा, इस समय भारत का पूरे विश्व पर दबदबा है, लेकिन दूसरी टीमों को क्या हो गया? जब ऑस्ट्रेलिया का विश्व क्रिकेट पर दबदबा था तो कम से कम भारत और पाकिस्तान तो उसे चुनौती देते थे। हम जो न्यूजीलैंड में देख रहे हैं उसमें तो मेजबान ने पूरी तरह से भारत के सामने सरेंडर कर दिया है। आपको बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को पांच मैचों की टी-20 सीरीज के पहले टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में 6 विकेट से शिकस्त दी थी। इसके बाद दूसरे टी-20 मैच को भी 7 विकेट से जीतकर भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में 2-0 से बढ़त हासिल कर ली। भारत अगर तीसरा टी-20 इंटरनेशनल मैच भी जीत लेता है, तो वह न्यूजीलैंड की धरती पर इतिहास रच देगा। इस मैच में जीत के साथ भारत पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर कीवियों के खिलाफ द्विपक्षीय टी-20 इंटरनेशनल सीरीज फतह कर लेगा। भारत अब तक न्यूजीलैंड की धरती पर द्विपक्षीय टी-20 इंटरनेशनल सीरीज नहीं जीत पाया है।

## IPL 2020 में आया ये नया नियम, चोटिल खिलाड़ी पर होगा लागू

■ एजेंसी, मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के 2020 सीजन में कन्कशन सब्स्टीट्यूट नियम लागू किया जाएगा। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने गवर्निंग काउंसिल की बैठक से इतर यह जानकारी दी। आईसीसी के नए नियम के मुताबिक, अगर किसी खिलाड़ी को बल्लेबाजी या गेंदबाजी के दौरान चोट लग जाती है तो वह मैच से बाहर जा सकता और उसके स्थान पर कोई और खिलाड़ी मैच में आ सकता है। इसे कन्कशन रूल कहा जाता है। आईपीएल से पहले बीसीसीआई विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों को मिलाकर एक ऑल स्टार्स मैच का आयोजन करेगा। यह मैच, चैरिटी मैच होगा। गांगुली ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, हम इस सीजन कन्कशन सब्स्टीट्यूट और ऑल स्टार मैच लेकर आ रहे हैं। इस बार IPL फाइनल मुंबई में खेला जाएगा। गांगुली ने कहा कि इस सीजन 5 डबल हेडर मतलब एक दिन में दो मैच होंगे। ऐसे में पहला मैच 4 बजे और दूसरा 8 बजे से खेला जाएगा। क्रिकेट सलाहकार समिति पर पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि बीसीसीआई सचिव जय शाह इसका जल्द ही आधिकारिक ऐलान करेंगे। गांगुली ने कहा, 'CAC जल्द ही बनेगी। सचिव अमित शाह इसकी आधिकारिक घोषणा करेंगे। सुलक्षणा नाइक और मदन लाल इसमें हैं, गांगुली से जब NCA में रिहैब कर रहे हार्दिक पंड्या के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा पंड्या अभी तक फिट नहीं हैं और उनका NCA में इलाज जारी है।

# धोनी को याद करती है टीम इंडिया, चहल बोले... कॉर्नर सीट अब भी खाली

■ एजेंसी, हेमिल्टन



महेंद्र सिंह धोनी लंबे समय से क्रिकेट के मैदान से दूर हैं और उनकी कमी टीम इंडिया के खिलाड़ियों की खूब खल रही है। BCCI ने लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का एक वीडियो ट्विटर पर शेयर किया है। दरअसल, टीम इंडिया तीसरे टी-20 इंटरनेशनल मैच के लिए बस में बैठकर ऑकलैंड से हैमिल्टन जा रही थी। इस दौरान बस में युजवेंद्र चहल ने टीम इंडिया के खिलाड़ियों का इंटरव्यू लिया।

युजवेंद्र चहल ने बताया कि टीम इंडिया महेंद्र सिंह धोनी को बहुत याद करती है। चहल बस में एमएस धोनी की कोने वाली सीट पर जाते हैं। धोनी की सीट की तरफ इशारा करते हुए चहल कहते हैं, 'यह वो सीट है जहां एक दिग्गज बैठते थे। माही भाई। अभी भी यहां कोई नहीं बैठता। हम उन्हें बहुत मिस करते हैं।'

आपको बता दें कि हाल ही में युजवेंद्र चहल ने कहा था कि जब न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में धोनी भाई आउट होकर वापस लौट रहे थे तो वह पल बहुत ही दुखद था जिसे हम सभी भूलना चाहेंगे। चहल ने बताया कि धोनी के आउट होने के बाद लगा वर्ल्ड कप अब खत्म हो गया है। चहल ने कहा कि वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में जब माही भाई को आउट होकर जाते हुए देखा तो वो काफी दुखद पल था। मेरी आंखों में आंसू थे। जो वर्ल्ड कप में हुआ उसे मैं भूलना चाहूंगा और टी-20 वर्ल्ड कप अगर भारत में आ जाए तो बहुत अच्छा होगा।

इसके अलावा चहल ने बुमराह का इंटरव्यू लिया। चहल ने बताया कि बुमराह से बात करने के लिए उन्हें 50 पेटी (50 लाख) देनी पड़ी है। जब चहल ने बुमराह से पूछा कि आप मेरे साथ डिनर पर क्यों नहीं जाते तो उन्होंने कहा, जब आप बुलाओगे तो हम आ जाएंगे। इस पर चहल ने कहा कि आपको जल्दी बुलाना पड़ेगा तो बुमराह ने जवाब दिया कि हां फिर आपको मेरे हिसाब से खाना पड़ेगा।

